इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -158 राजनांदगांव, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

सुको ने वीवीपैट पर्चियों के साथ ईव्हीएम वोटों के 100 प्रतिशत सत्यापन की मांग वाली याचिका पर चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ ईवीएम का उपयोग करके डाले गए वोटों के पूर्ण क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए भारत के चुनाव आयोग से कुछ सवालों के जवाब मांगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने चुनाव आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम के कामकाज से संबंधित सवाल पूछे, जिसमें यह भी पूछा गया कि क्या उनमें लगे माइक्रोकंट्रोलर पुनः प्रोग्राम करने योग्य हैं। अन्य मुद्दों के बीच पीठ ने ईसीआई अधिकारी से इस बात पर स्पष्टता मांगी कि क्या माइक्रोकंट्रोलर कंट्रोलिंग यूनिट या वीवीपीएटी में स्थापित है और ईवीएम में माइक्रोकंट्रोलर की फ्लैश मेमोरी को दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है।

आधिकारिक प्रतिक्रिया, सभी तीन इकाइयां, मतपत्र इकाइयां, वीवीपीएटी और चिप... सभी के पास अपने स्वयं के माइक्रो नियंत्रक हैं और ये माइक्रो नियंत्रक सुरक्षित अनधिकृत एक्सेस डिटेक्शन मॉड्यूल में रखे गए हैं और इसे एक्सेस नहीं किया जा सकता है। सभी माइक्रो नियंत्रक एक बार के हैं प्रोग्राम करने योग्य। डालने पर यह जल जाता है इसलिए इसे कभी बदला नहीं जा सकता। हमारे पास दो निर्माता हैं, एक ईसीआई *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

यह कहना खतरनाक कि लोक कल्याण के लिए निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता-न्यायालय

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ ने ये टिप्पणी की. पीठ इस बात पर गौर कर रही है कि क्या निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को 'समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है.

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि संविधान का उद्देश्य 'सामाजिक बदलाव की भावना' लाना है और यह कहना 'खतरनाक' होगा कि किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति को 'समुदाय का भौतिक संसाधन' नहीं माना जा सकता और 'सार्वजनिक भलाई' के लिए राज्य प्राधिकारों द्वारा उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ ने ये टिप्पणी की. पीठ इस बात पर गौर कर रही है कि क्या निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को 'समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है.

इससे पहले मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन (पीओए) सहित विभिन्न पक्षों के वकील ने जोरदार दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 39(बी) और 31सी की संवैधानिक योजनाओं की आड़ में राज्य अधिकारियों द्वारा निजी संपत्तियों पर कब्जा नहीं लिया जा सकता है. पीठ विभिन्न याचिकाओं से उत्पन्न जटिल कानूनी प्रश्न पर विचार कर रही है कि क्या निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत 'समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है. संविधान का अनुच्छेद 39(बी) राज्य नीति निर्देशक तत्वों (डीपीएसपी) का हिस्सा है.

पीठ ने कहा, यह कहना थोड़ा अतिवादी हो सकता है कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का अर्थ सिर्फ सार्वजनिक संसाधन हैं और उसकी उत्पत्ति किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति में नहीं है. मैं आपको बताऊंगा कि ऐसा दृष्टिकोण रखना क्यों खतरनाक है. पीठ ने कहा, 'खदानों और निजी वनों जैसी साधारण चीजों को लें. उदाहरण के लिए, हमारे लिए यह कहना कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत सरकारी नीति निजी वनों पर लागू नहीं होगी... इसलिए इससे दूर रहें. यह बेहद खतरनाक होगा.'

पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे. पीठ ने 1950 के दशक की सामाजिक और अन्य प्रचलित स्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, 'संविधान का मकसद सामाजिक बदलाव लाना था और हम यह नहीं कह सकते कि निजी संपत्ति पर अनुच्छेद 39(बी) का कोई उपयोग नहीं है.'

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को जर्जर इमारतों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार देने वाला महाराष्ट्र कानून वैध है या नहीं, यह पूरी तरह से भिन्न मुद्दा है और इस पर अलग से विचार किया जाएगा. सुनवाई पूरी नहीं हुई और यह बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी.

जेईई मेंस सत्र 2 परीक्षा के नतीजे जारी, 56 छात्रों ने हासिल किए 100 प्रतिशत अंक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जेईई मेन्स 2024 सत्र 2 का परिणाम आज 24 अप्रैल को रात 11 बजकर 30 मिनट पर जारी कर दिया गया। जेईई मेन्स 2024 jeemain.nta.ac पर जारी किया गया है। जो उम्मीदवार जेईई मेन्स 2024 सत्र 2 परीक्षा के लिए उपस्थित हुए, वह जेईई मेंस की आधिकारिक वेबसाइट से जेईई मेन्स 2024 सत्र 2 का परिणाम चेक कर सकते हैं।

जेईई-मेन में 56 उम्मीदवारों ने 100 प्रतिशत स्कोर हासिल किया है। इसमें अधिकतम छात्र तेलंगाना से हैं। जेईई मेन सत्र 2 2024 के लिए परीक्षा 4 से 12 अप्रैल तक भारत के 319 शहरों और विदेश के 22 शहरों में हुई। जेईई मेंस परीक्षा में लगभग 12.57 लाख छात्रों ने भाग लिया।

परीक्षा के लिए 24 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था। जेईई मेन 2024 सत्र 1 के लिए परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित की गई थी, जिसकी अंतिम उत्तर कुंजी अब आधिकारिक वेबसाइट - jeemain.nta.ac पर उपलब्ध है।

सस्पेंस खत्म... आज कन्नौज से ताल ठोकेंगे अखिलेश यादव, 12 बजे नामांकन में संग रहेगा यादव कुनबा

कन्नौज। कन्नौज की सियासी सरगर्मियों के बीच सपा ने कन्नौज से प्रत्याशी बदल दिया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं यहां से चुनाव लड़ेंगे। दो दिन पहले सोमवार को सपा प्रत्याशी के रूप में तेज प्रताप का नाम घोषित करने के बाद स्थानीय नेताओं में निराशा और नाराजगी दिखने लगी थी। कार्यकर्ताओं की मांग पर दोपहर में संकेत देने के बाद शाम को अखिलेश यादव का नाम घोषित कर दिया गया है।

बता दें कि अमर उजाला ने करीब 24 घंटे पहले ही इस खबर की जानकारी अपने पाठकों तक पहुंचा दी थी कि कन्नौज लोकसभा सीट पर तेज प्रताप का टिकट कट सकता है और सपा मुखिया ही यहां से मैदान में उतरेंगे। जिस पर अब मुहर लग गई है। सपा के गढ़ की महत्वपूर्ण लोकसभा सीट कन्नौज से लगातार अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की स्थानीय सपा नेता मांग कर रहे थे। लंबे समय से यहां के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लड़ने का आश्वासन भी देते आ रहे थे। इस बीच सोमवार को सपा ने कन्नौज से अखिलेश के यादव के भतीजे और मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह को टिकट दे दिया था। इसके बाद से भाजपा ने जहां राहत की सांस ली थी, वहीं सपा नेताओं में नाराजगी और निराशा नजर आने लगी थी।

वह लगातार सपा मुखिया से संपर्क करके उनसे लड़ने की मांग पर ही अड़े हुए थे। मंगलवार रात से जिले के गढ़ों में उनके चुनाव लड़ने के संदेश भी वायरल होने लगे थे। इसे लेकर जब इटावा में जनसभा करने आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से पत्रकारों ने सवाल पूछा था तो उन्होंने ऐतिहासिक जीत होने का दावा करते हुए खुद लड़ने का संकेत दिया था।

कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार

कोर्ट ने रद्द कर दी है 25,753 शिक्षकों की नियुक्ति

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विशेष अनुमति याचिका में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और शब्बर रशीदी की खंडपीठ द्वारा पारित 22 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नौकरियों की विभिन्न *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

वापस नहीं लूंगी पर्चा महिला हैं तो..., भाजपा सांसद के खिलाफ पत्नी ने दाखिल किया नामांकन

इटावा। लोकसभा संसदीय सीट में चल रही नामांकन प्रक्रिया के छठवें दिन कलेक्ट्रेट में बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी हाथरस से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल समेत आठ प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन भरा। इसमें भाजपा प्रत्याशी प्रो. रामशंकर कठेरिया ने भी फिर नामांकन के तीन सेट जमा किए। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी प्रो. रामशंकर की पत्नी मृदुला कठेरिया ने भी डमी प्रत्याशी के रूप में अपना निर्दलीय पर्चा दाखिल किया।

मृदुला कठेरिया ने निर्दलीय तौर पर नामांकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह चुनाव लड़ेंगी। पर्चा वापस नहीं लेंगी। वे महिला हैं तो क्या हुआ। प्रजातंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। यह पूछे जाने पर कि अपने पति प्रो. रामशंकर कठेरिया के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी, इस पर उन्होंने कहा कि चुनाव तो चुनाव है। अगर उन्होंने पर्चा भरा है तो वे लड़ेंगी, लेकिन यह भी कहा कि वह अपने पति के साथ हैं। हालांकि, इन सवालों के उन्होंने मुस्कुरा के जवाब दिए।

अंतिम समय में बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

इटावा लोकसभा संसदीय सीट पर नामांकन का कार्य 18 अप्रैल से निरंतर जारी है। लोकसभा की इस सीट पर पिछले पांच दिनों में सपा-भाजपा समेत अन्य छोटे दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लगभग एक दर्जन लोग अपना नामांकन भर चुके हैं। नामांकन के अंतिम समय में दोपहर पौने तीन बजे बसपा प्रत्याशी सारिका सिंह बघेल ने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

नई दिल्ली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं।

यवतमाल में मंच पर बेहोश होकर गिरे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ट्वीट कर बताया अब कैसी है तबीयत

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के यवतमाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते समय अचानक मंच पर गिर पड़े। मंच पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता तत्काल उन्हें उठाकर इलाज के लिए ले गए। गडकरी यवतमाल के पुसद में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नागपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। नागपुर सीट पर मतदान हो चुका है। यहां नितिन गडकरी की टक्कर कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। यहां से बीजेपी नेता तीसरी बार चुनावी मैदान में है। महाराष्ट्र के बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, हिंगोली, नांदेड़, परभणी और यवतमाल में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होना है।

नितिन गडकरी ने ट्वीट कर दी हेल्थ अपडेट

केंद्रीय मंत्री ने एक्स हैंडल पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि पुसद में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। अब पूरी तरह से ठीक हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

पहले भी तबीयत खराब हो चुकी है

यह पहली बार नहीं है जब नितिन गडकरी की तबीयत बिगड़ी है। 2018 में अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर अचानक बेहोश हो गए थे। इस दौरान तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव स्टेज पर मौजूद थे। उन्होंने गडकरी को संभाला था। तब शुगर लेवल कम होने के कारण उन्हें चक्कर आ गए थे। उन्हें पानी पिलाया गया और मीठा खाने को दिया गया था।

अब गृहिणी और किसानों को भी देना होगा टीडीएस, नए नियम से खानी पड़ेगी जेल की हवा

रायपुर। आयकर के नियमों में बड़ा बदलाव हुआ है, जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है। टीडीएस के नये नियमों के अनुसार अब नौकरीपेशा के साथ ही गृहिणी व किसानों को भी टीडीएस देना होगा। टीडीएस छिपाने पर 15 प्रतिशत ज्यादा टीडीएस देना पड़ेगा। साथ ही जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। बैंक में आपने फिक्सड डिपाजिट करवाया है तो जान लीजिए एफडी का ब्याज वर्ष में 40 हजार से ज्यादा है तो 10 प्रतिशत टीडीएस काटा जाएगा।

जानकारी के अनुसार अगर आप वरिष्ठ नागरिक नहीं है तो आपकी एफडी पर ब्याज 40 हजार रुपये से अधिक आता है तो बैंक ब्याज पर टीडीएस काटते हैं। अगर आप वरिष्ठ नागरिक हैं तो 50 हजार रुपये के बाद टीडीएस काटा जाता है। टीडीएस तब काटा जाता है जब एफडी पर ब्याज जोड़ा जाता है या क्रेडिट किया जाता है, न कि एफडी मैच्योर होती है। यानी पांच वर्ष की एफडी कराई है तो बैंक हर साल ब्याज देते समय टीडीएस काटेगा।

इस प्रकार करें कैलकुलेट

एफडी पर भी इनकम टैक्स वाला फार्मूला ही लागू होगा, यानी आपकी सालाना आय तीन लाख रुपये तक है तो टीडीएस नहीं कटेगा। इसके लिए फार्म 15जी या 15 एच जमा करना होता है। वहीं, अगर पैन कार्ड को केवायसी के तौर पर जमा नहीं किया गया है तो बैंक 20 प्रतिशत टीडीएस काट सकता है।

50 हजार से ज्यादा किराया पर भी टीडीएस

अगर किराया 50 हजार रुपये महीने से ज्यादा है तो भी टीडीएस काटना होगा। किराये के घरों में रहने वाले लोगों के लिए ही नियम बनाए गए हैं। नियमानुसार 50 हजार से ज्यादा किराया पटाते हैं तो पांच प्रतिशत टीडीएस किराया काटकर भरना होगा। विशेषज्ञों के अनुसार कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को 50 लाख या उससे अधिक का भुगतान करता है तो पहल पांच प्रतिशत टीडीएस काटना होगा। हालांकि आपको किसी भी प्रकार से टेन नंबर लेने की आवश्यकता नहीं है। केवल पैन नंबर से ही टीडीएस काट सकते हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार थमा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा।

इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया।

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

कांग्रेस जो कहती है वो करती है : भूपेश बघेल

राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने सदैव प्रदेशवासियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया, अब आप सभी को तय करना है कि आपको कौन चाहिए, यदि आप भाजपा को चुनते हैं तो महंगाई, बेरोजगारी ये सारी स्थितियां वैसी ही रहेंगी, लेकिन आप कांग्रेस का साथ देंगे तो ये हालात बदलेंगे, क्योंकि कांग्रेस जुमलेबाजी नहीं करती जो कहती है, वो करती है।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भूपेश बघेल ने पंडरिया में जनसंपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब हमने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के विरोध के बाद भी धान का प्रति क्विंटल 2500 रूपये का दाम दिया, मजदूरों को सालाना 7000 रूपये, शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रूपये मासिक का भत्ता दिया। माताओं-बहनों को गौठानों में रोजगार से जोड़ा, आदिवासियों को जल-जंगल-जमीन का अधिकार दिया।

भूपेश बघेल ने ग्रामजनों से कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो सबसे पहले किसानों की कर्जमाफी की, किसानों को धान के प्रति क्विंटल 2500 रूपये देने पर मुहर लगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को समृद्ध बनाने के लिए गोबर खरीदी, रीपा जैसी योजनाएं लाई गईं। कांग्रेस सरकार ने मजदूरों को 7000 रूपये सालाना सहायता दी, 67 लघु वनोपजों की खरीदी न्यूनतम मूल्य पर की।

कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता के खर्च कम करने हेतु बिजली बिल हाफ योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खोले और कोशिश की थी कि जनता की जेब में पैसा बचे, जिससे कि वे गैस से लेकर पेट्रोल तक और तेल से लेकर आटे तक की बढ़ी कीमत के बीच परिवार चला सके। उन्होंने पंडरिया के ग्राम कुम्ही, पाढ़ी, बदना, कामठी, कोदवा गोडान, अमलडीहा, कापादाह, किशुनगढ़ में जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल के साथ बैजनाथ चंद्राकर, अटल श्रीवास्तव, भोला राम साहू, नीलू चन्द्रवंशी, ममता चंद्राकर, रश्मि सिंह, प्रवीण चंद्रवंशी, अंकित बागबाहरा, नवीन जयसवाल, ललित धुर्वे, मनीष शर्मा, आनंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के समक्ष अधिवक्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया

राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष अधिवक्ताओं ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए भाजपा प्रवेश किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज चौधरी ने अपने 25 साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया, जिसमें प्रमुख रूप से राजेश चंदेल, चंद्रशेखर तिवारी, संजीव श्रीवास्तव, हरीलाल पटवा, आशीष श्रीवास, तेनसिंह साहू, सुश्री नंदिनी साहू, विपिन साहू, ललित कश्यप, जितेंद्र वैष्णव, विजेंदर पाठक, नरेंद्र सेन,मनमोहन तिवारी एवं आदित्य भारद्वाज आदि शामिल थे। उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि सभी वक्ताओं ने एक स्वर में मोदी की गारंटी एवं विष्णुदेव साय के सुशासन पर भरोसा करते हुए कहा कि देश के भविष्य के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बहुत जरूरी है, इसलिए सभी अधिवक्ता इस चुनाव प्रचार में मोदी को जीतने के लिए की जान से लग गये हैं।

अभिव्यक्ति की आजादी को पेड न्यूज मानना उचित नहीं : कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने लोकसभा निर्वाचन में समाचारों के लिए अपनाई जाने वाली कार्यवाही के परिपेक्ष में कहा कि लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी के द्वारा आमसभाओं को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के विचारों, सिद्धांतों, योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं विपक्षी दलों की नीतियों व असफलता को बताते है उसे पार्टी द्वारा समाचार पत्रों अवगत कराया जाता है, पत्रकारिता जगत द्वारा उन समाचारों को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में स्थान दे या ना दे, उनकी निष्पक्ष स्वतंत्रता पर निर्भर करता है जिसे पेड न्यूज की श्रेणी में मानकर नोटिस दिए जाने पर पुनर्विचार करने का निवेदन किया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में स्वतंत्रता के अधिकार (अभिव्यक्ति की आजादी) सबको प्राप्त है, अपने उसी संवैधानिक अधिकार के तहत ही प्रत्याशी अपना संबोधन करते हैं और उनके द्वारा कहे गए वक्तव्य को लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को अवगत कराया जाता है। समाचार प्रकाशित होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा उन समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पेड न्यूज की श्रेणी में लाकर नोटिस दिया जा रहा है एवं व्यय खाते में जोड़ने का निर्णय लिया जा रहा है, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित प्रतीत नहीं हो रहा है, क्योंकि भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कही गई बातें अपनी नीति को जनता के समक्ष रखने के कार्य जिसमें ना भ्रामकता है और ना ही जीत के दावे हैं, ऐसी स्थिति में भी उसे पेड न्यूज नहीं माना जा सकता। अतः निर्वाचन आयोग को पेड न्यूज की श्रेणी की व्याख्या के संबंध में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब प्रत्याशी अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का उपयोग भी करने से वंचित होवेगा, जो स्वस्थ पत्रकारिता एवं लोकतंत्र के लिए कदापि उचित नहीं होगा।

पहला कॉलम...

हैंरी जोसेफ ने किया सीएम का स्वागत

राजनंदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान की अपील की उन्होंने शहर के नदई चौक में आयोजित नुक्कड़ सभा में 26 अप्रैल को कमल छाप पर बटन दबाने की अपील करते हुए संतोष पांडे को भारी बहुमत से जीतने की अपील मतदाताओं से की। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैंरी जोसेफ ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मतदान 26 अप्रैल को एवं मतगणना 4 जून को

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगा। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

मतदान दिवस को सवेतन अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के अंतर्गत आने वाले कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सवेतन अवकाश घोषित किया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घण्टे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने कहा है। साथ ही पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं तेलंगाना राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित व कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान करने कहा गया है।

मतदान दिवस 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव जिले सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

विकासशील से विकसित देश की तरफ अग्रसर भारत-रवि सिन्हा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव 2024 चुनावी वैतरणी पार करने के लिए सभी पार्टियों ने अपने-अपने अंदाज में जनता को लुभाने की कोशिश की है परंतु अभी तक हुए सभी लोकसभा चुनाव से इस बार का चुनाव बहुत से कारणों से अलग सिद्ध हो रहा है इस बार के चुनाव ने लोगों की मानसिकता बदल कर रख दी है चुनाव में व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर लोगों ने राष्ट्रीयता की भावना से अपना मतदान करने का फैसला कर लिया है अनेक मायनों में इस बार का चुनाव बहुत कुछ तय करने वाला है।

इस चुनाव से यह तय होने वाला है कि हमारे द्वारा लोकतंत्र की मजबूती राष्ट्र की उन्नति के लिए मतदान हुआ है या फिर अलगाववादी ताकतों का हाथ मजबुत करने वाले क्षेत्रीय दलों का हाथ मजबूत किया गया है, स्वयं के ताकत पर चुनाव लड़ने में असक्षम व किसी समय में देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने ऐसे ही क्षेत्रीय दलों का हाथ थाम कर चुनावी वैतरणी पार करने का प्रयास दृष्टिगोचर हो रहा है दूसरी ओर लोकतंत्र के इस महासमर में विश्व को अपने पक्ष में कर पुनः भारत को परम वैभव के शिखर में बिठाने विश्व गुरु का स्थान दिलाने के लिए प्रयासरत भारतीय जनता पार्टी एवं सर्वमान्य नेतृत्व नरेंद्र मोदी ने जनता के सामने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में किए गए सर्वश्रेष्ठ कार्यों का पिटारा खोल दिया है अपने सर्वश्रेष्ठ विदेशी नीति से दुश्मन देश को अपने सामने घुटने टेकने मजबूर कर दिया है इन बातों से जनता कितनी प्रभावित है यह तो परिणाम आने पर पता चल ही जाएगा अब तक चली आ रही समाज राष्ट्र के जीवन को प्रभावित करने वाली भेदभाव और वैनमस्यता की राजनीति सांप्रदायिक जाति और वर्ग संघर्ष भेदभाव और वैनमस्यता के सहारे की जाने वाली राजनीति ब्रिटेन की फूट डालो और राज करो की नीति पर आधारित थी वर्षों से चली आ रही देश में अपनी जड़े जमाने वाली इस राजनीति से ऊपर उठाने का साहसिक निर्णय एक महामानव ही ले सकता है और इस सदी के महामानव नरेंद्र मोदी विगत 10 वर्षों में मोदी की गारंटी के साथ एक नई राजनीति का सूत्रपात किया।

उन्होंने भारतीय राजनीति को लोकसंग्रह की अवधारणा लोक की एकता लोक की एकात्मता पर कार्य कर सारे विश्व को एक सूत्र में पीरों दिया और भारत को मजबूत और संबल राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया अब देश को जनता की भविष्य की नई संभावना को प्रति जागृत होना होगा भारत को सामाजिक स्थिति और सांस्कृतिक जीवन को समझना होगा एक नए भारत के निर्माण की अवधारणा के साथ मोदी जी कार्य कर रहे हैं इसी का परिणाम है लोकतंत्र अपने मत की ताकत को पहचान कर केवल अपना मतदान करने सात समुंदर पार से भारतीय वापस भारत आकर अपने मताधिकार का प्रयोग इस लोकतंत्र के महापर्व में कर रहे हैं स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था मैं भविष्य में नहीं जाता और ना ही मुझे इसकी चिंता है मैं केवल जागृत आंखों से एक सपना जरूर देख रहा हूं कि मेरी भारत माता पुनः गौरवदिप्त और दैदीपमान होकर अपने रत्नजड़ित सिंहासन पर विराजमान होकर सारे विश्व को दिशा निर्देश प्रदान कर रही है स्वामी विवेकानंद के इसी सपनों के भारत के निर्माण में हम सबको लगना होगा स्वामी जी के इसी सपने को पूरे करने का कार्य अभी हो रहे और जल्द ही अपने इस लक्ष्य को विकसित भारत के रूप मे हमे पाना है।

समपार फाटकों पर विशेष जागरुकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। संरक्षा संगठन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संरक्षा से संबंधित जानकारी देने के लिए रेल प्रशासन द्वारा साल भर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जून माह में अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) जागरुकता दिवस के साथ.साथ अनेक सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए समपार फाटक पर अनेक जागरूकता संरक्षा विशेष अभियान चलाया जाता है।

इस अभियान के तहत संरक्षा सलाहकारों तथा नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकोंए स्काउट गाइड व विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षकों द्वारा अनेक फाटकों में पाम्पलेट बांटकर यात्रियों को सुरक्षित फाटक पार करने के बारे में समझाएं जाती है। इस दौरान वहाँ से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को फाटक पार करने में बरती जाने वाली सावधानियों के साथ अपने जान.माल की रक्षा एवं रेलवे की सुरक्षा से संबन्धित जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में श्रीमती नमिता त्रिपाठी मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के नेतृत्व में मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा दिनांक 22 से 28 अप्रैल तक समपार फाटकों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सम्बंधित विभाग के कर्मियोंएसिविल डिफेंस स्वयं सेवको आदि के द्वारा नागपुर-दुर्ग, गोंदिया-चंदाफोर्ट, नैनपुर-छिंदवाड़ा, नागपुर-छिंदवाड़ा, गोंदिया-जबलपुर, कन्हान-रामटेक, कलमना-कोराडी आदि खंडों पर स्थित सभी समपार फाटको सहित ग्राम पंचायत में जाकर लोगों को पंपलेट वितरण करके लोगों को सही तरीके से समपार पार करने साथ ही समपार फाटक पार करते समय गाडी को धीमा चलानेए सिग्नल हरा होने पर ही आगे बढ़ने, फाटक बंद हो तो खुलने का इंतजार करने तथा फाटक पार करते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने का परामर्श दिया जा रहा है। साथ ही उनसे आग्रह किया जा रहा है कि रेल पर सेल्फी नहीं लें, चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने के लिए हमेशा फुट ओव्हरब्रिज का उपयोग करें।

एग्जिट पोल : 1 जून को शाम 6.30 बजे के तक मत सर्वेक्षण प्रतिबंधित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एग्जिट पोल के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत शुक्रवार 18 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 7 बजे से शनिवार 1 जून 2024 को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अभिसूचित किया गया है। आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति इस दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा।

मुगलों ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था कांग्रेस विरासत टैक्स लगाएगी-आलोक बिंदल

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष व जागरूक युवा नेता आलोक बिंदल ने देश के बहूसंख्यक वाद को खत्म करने व देश के लोगों के जीवन भर की कमाई की जमा पूंजी पर कब्जा कर लोगों में बांटने की बात कहने वाली कांग्रेस की उक्त सोंच को निहायत ही घटिया व देश को तोड़ने वाला बताते हुए कहा कि पहले मुगलों के जमाने में हिंदुओं पर धर्म आधारित जजिया कर लगाया जाता था।

अब कांग्रेस उसी नीति पर चलकर भारत के लोगों पर लोगों की जमा पूंजी को लोगों में बांटने विरासत टेक्स लगाना चाहती है। कांग्रेस के इस देश तोड़क बयान पर राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देकर मुहर लगा दी है। श्री बिंदल ने कहा कि देश के उर्जावान एवं दबंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र के संबंध में पहले ही देश की जनता को जागरूक किया था कि यह घोषणा पत्र मुस्लिम लीग वाला घोषणा पत्र है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन कि देश की संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों को दिया जाएगा।

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी यही बात कहते हुए कि देश के लोगों की मेहनत की कमाई और उनकी जमा पूंजी के संबंध में सर्वे कर उसे लोगों में बांटा जाएगा। और वे लोग वहां अल्पसंख्यक मुसलमान होंगे। इस तरह कांग्रेस देश को मार्क्सवाद लेनिनवाद के चंगुल मे फंसा कर विश्व की उंचाई छूती भारत की आर्थिक व्यवस्था को चरमराना चाहती है ताकि कम्युनिस्ट देश चीन की तरह आर्थिक रुप से बर्बादी की कगार पर चली जाए। लेकिन कांग्रेस यह गफलत में न रहे, मोदी जी की संगत में देश की जनता काफी समझदार हो गई है और देश को तोड़ने व बर्बादी कुछ सपना देखने वाली कांग्रेस से पूरी तरह सचेत बनी हुई है और कांग्रेस को इस चुनाव में बूरी तरह हराकर मजा चखाएगी।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-7-9
257-4 147-2
राजधानी
4-6-8
390-2 450-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं.202404092100044
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार पिता प्रकाशचंद गट्टानी जाति महेश्वरी, निवासी वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के द्वारा छ.ग. शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के स्वामित्व की भूमि शहर डोंगरगढ़ में स्थित भूखण्ड क्रमांक 81/1 में से क्षेत्रफल 7020 वर्गफुट भूमि में से 7020 वर्गफुट के द्वारा दिनांक 23/03/2024 को क्रय किया गया है। आवेदक उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण करवाना चाहता है तथा उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 22/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जोवगा। आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

आम सूचना

इस आम सूचना पत्र के माध्यम से आप-श्री एवतराम साहू आ. श्री टेकराम साहू, आयु लगभग 35 वर्ष, निवासी- ग्राम संबलपुर, पो. सिंघोला, थाना- लालबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आपके द्वारा मेरे पक्षकार श्री रूपेन्द्र साहू आ. श्री छत्रीलाल साहू, आयु 32 वर्ष, निवासी- ग्राम संबलपुर, पो. सिंघोला, थाना- लालबाग, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) से अपने घरेलु कार्य हेतु रकम मांगे जाने पर जान-पहचान एवं अच्छे संबंधों के नाते मेरे पक्षकार द्वारा आपको राशि- 3,90,000/- (तीन लाख नब्बे हजार रूपये) दिनांक- 15/06/2023 को प्रदान किया गया था, जिसकी अदायगी आपके द्वारा प्राप्त किये गये समयावधि तीन माह के भीतर नहीं किये जाने पर मेरे पक्षकार ने आपसे उक्त रकम की मांग की, तब आपने मेरे पक्षकार को उक्त रकम के भुगतान हेतु एक चेक इंडियन बैंक, शाखा- राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का चेक क्रमांक- "048429" राशि- 3,90,000/- (तीन लाख नब्बे हजार रूपये) दिनांकित- 09/10/2023, प्रदान किया जिसे मेरे पक्षकार ने अपने बैंक खाता छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा- राजनांदगांव, में दिनांक- 19/10/2023 को जमा किया, बैंक द्वारा दिनांक- 20/10/2023 को PPS NOT CONFIRMED की टीप के साथ रिटर्न मेमो सहित चेक वापस कर दिया गया, चेक अनादरण की सूचना आपको देने पर आपके द्वारा उक्त चेक पुनः कुछ माह में लगाने कहा गया, आपके निर्देश पर अपने बैंक- भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में दिनांक- 02/04/2024 को पुनः प्रस्तुत किया जो कि, दिनांक- 03/04/2024 को पुनः मेमो के साथ ADVICE NOT RECEIVED की टीप के साथ चेक बिना भुगतान के मेरे पक्षकार को वापस लौटा दिया गया। अतः इस आम सूचना के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त चेक की राशि इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार को भुगतान कर देवे अन्यथा मेरे पक्षकार आपके विरूद्ध आवश्यक कानूनी एवं न्यायालयीन कार्यवाही करने बाध्य हो जावेगा जिसमें होने वाले समस्त हर्जे-खर्चे के जवाबदार आप स्वयं होंगे।

नारायण प्रसाद
अधिवक्ता
जिला न्यायालय, राजनांदगांव (छ.ग.)
मों.नं.-9770422575

श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd April to 25th April 2024

B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:30, 03:30 and 06:30 pm
Maidaan - 06:00 and 09:00 pm
Bade Miyan Chote Miyan - 12:00, 03:00 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं.202404092100045
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागचंद पिता बृजलाल जाति लोधी, निवासी ग्राम पोस्ट ढारा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम ढारा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. मोहारा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में भूमि खसरा नंबर 375/6 रकबा 0.0120 हे. /0.03 एकड़ स्थित है। जो वर्तमान में रिक्त एवं पड़त है। आवेदक उपरोक्त खसरा नंबर 375/6 रकबा 0.0120 हे. / 0.03 एकड़ का डायवर्सन व्यवसायिक प्रयसोजन (दुकान निर्माण)हेतु करवाना चाहता है। व्यवसायिक प्रयोजन (दुकान निर्माण) हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् निवदेन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) डोंगरगढ़

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

प्रक्र-20अ/2024 उद्घोषणा हेतु वाद
सुनवायी तिथि-14/6/2024
प्रोसेस नंबर -.......

अनिता वर्मा उर्फ सुकवारो वल्द स्व. शंकर वर्मा पति जुगेश वर्मा जाति लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी वर्तमान मुर्रा भट्टी, पार्वती नगर वार्ड नं. 17 विद्या ज्योति स्कूल के पीछे गली नं. 1 रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) .... वादी

विरूद्ध

1 छत्तीसगढ़ शासन
द्वारा जिलाधीश राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
2 आम जनता। .... प्रतिवादीगण

वादि अनिता वर्मा उर्फ सुकवारो वल्द स्व. शंकर वर्मा पति जुगेश वर्मा जाति लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी वर्तमान मुर्रा भट्टी, पार्वती नगर वार्ड नं. 17 विद्या ज्योति स्कूल के पीछे गली नं.1 रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) ने वादपत्र अन्तर्गत नाम में त्रुटि की घोषणा हेतु प्रस्तुत किया है कि अनिता वर्मा उर्फ सुकवारो ग्राम ढारा का कृषक है जिसके नाम पर वर्तमान में शामिलात खाता में ग्राम ढारा में खसरा नंबर क्रमशः 273/1, 409/2, 409/4, 413/3, 420., 475, 906/1, 912/2, 942/2, 991/3, 1180 रकबा क्रमशः 0.1340, 0.0570, 0.0610, 0.2470, 0, 0400, 0.2710, 0.0120, 0.0810, 0.3080, 0.3190, 0.0080 कुल रकबा 1.5380 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित है। अनिता वर्मा के राजस्व अभिलेख में सुकवारो अंकित है और उसके आधार कार्ड में अनिता वर्मा लिखा हुआ है। वादभूमि पर वादी के पिता स्व. शंकर वर्मा के मृत्यु होने पर नामांतरण के समय घरेलु नाम सुकवारो राजस्व अभिलेख में दर्ज करवा दिया गया है। वादी के ऋण पुस्तिका (राजस्व अभिलेख) व अन्य दस्तावेजों में अलग-अलग नाम होने से राजस्व कार्यवाही ऑनलाईन होने से शासन के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वादी का नाम अनिता वर्मा एवं सुकवारो बाई एक ही नाम होने की उद्घोषणा किया जा कर आज्ञप्ति पारित किये जाने की मांग किया गया है। यदि किसी को आपत्ति उजर हो तो पेशी तारीख 14/06/2024 के 11 बजे स्वतः अथवा प्लीडर के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तारीख 14/06/2024 को न्यायालय का कामकाज बंद रहे तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवायी कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान:- डोंगरगढ़
दिनांक:- मुहर

शैलेश कुमार वशिष्ट
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 डोंगरगढ़ (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती, बांस एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा।

1 नीलाम स्थान - काष्ठागार धरमजयगढ़
2 नीलाम दिनांक - 30.04.2024
3 नीलाम समय - प्रात: 09.00 बजे से प्रारंभ

अ.क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		पुराना वनोपज		योग वनोपज	
		लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	30.000	500	11.157	0	41.157	500
2	साल	600.000	0	1155.615	944	1755.615	944
3	बीजा	20.000	0	55.470	0	75.470	0
4	खम्हार	20.000	0	1.905	0	21.905	0
5	साजा	10.000	0	32.768	100	42.768	100
6	हल्दू	0.000	0	5.301	0	5.301	0
7	धावड़ा	10.000	0	3.571	112	13.571	112
8	सलिहा	0.000	0	1.855	0	1.855	0
9	अन्य	5.000	0	61.055	166	66.055	166
10	आर.टी.एल	0.000	0	0.000	0	0.000	0
योग :-		695.000	500	1328.697	1322	2023.697	1822
11	जलाऊ	800	चट्टा	243	चट्टा	1043	चट्टा
12	औद्योगिक बांस	01 Miter	0	01 Miter	0	0	नग
		02 Miter	0	02 Miter	0	0	नग
13	व्यापारिक बांस	Nos		0	0	0	नग

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी-अधिकता संभव है।

टीप:- क्रेता को पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जी- 242500023/3
वन मंडलाधिकारी, धरमजयगढ़ वनमण्डल

सांसद पांडे ने क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास किया- नीलू शर्मा

राजनांदगाँव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे के लिए अंतिम दौर के प्रचार अभियान में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा खैरागढ़, कवर्धा, साल्हेवारा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ इत्यादि विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण व शहरी अंचलों का धुंआधार, दौरा करने के बाद खंदक की इस लड़ाई में राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का रुख किया और ताबड़तोड़ ढंग से आधा दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में जैसे पूरा देश मोदी जी के साथ एक जुट खड़ा दिखाई दे रहा हैं।

इसी तरह इस क्षेत्र के लोग भी मोदी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, जिससे कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की घिग्घी बंध गई हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री शर्मा ने आगे कहा, कि क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने संसदीय क्षेत्र के विकास की नयी गाथा लिखी हैं।

डोंगरगढ़ व डोंगरगाँव के पास लगभग एक हजार करोड़ की लागत से सौ मेगावाट सोलर पार्क की शानदार स्थापना हो रही हैं, माँ बमलेश्वरी देवी मंदिर के ऐतिहासिक विकास की यात्रा शुरू हो गयी हैं, बोरतालाब से मूढ़ीपार के मध्य पूरे लोकसभा क्षेत्र की रेल लाईन में 12 ओवर ब्रिज व 03 अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा हैं, इतना ही नहीं बल्कि बहुप्रतीक्षित डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाईन के कार्य को भी प्रारंभ कर दिया गया हैं, इस रेल लाईन के पूरा होने से खैरागढ़ ङ्क कवर्धा तक का सम्पूर्ण इलाका रेल्वे के मानचित्र से जुड़ जाएगा एवं पूरे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा, लाखों लोगों के रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे।

डोंगरगढ़ एवं राजनांदगाँव रेल्वे स्टेशनों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दो सौ ब्यालीस करोड़ रुपए का निर्माण हुआ, केन्द्रीय मद से डेढ़ सौ करोड़ रुपए सड़कों के लिए प्राप्त हुआ। इसके अलावा राजनांदगाँव से डोंगरगाँव-मानपुर-मोहला औंधी होते हुए हैदराबाद तक के लिए सिक्स लेन सड़क की महत्वकांक्षी परियोजना की स्वीकृति हो रही हैं, जिसमें क्षेत्र के आदिवासी अंचल का सम्पूर्ण विकास होगा।

श्री शर्मा ने संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का आव्हान किया। इस दौरान श्री शर्मा ने ग्राम सुंदरा, खूटेरी, कुसमी, व ग्राम पारी सहित अनेक ग्रामों में जनसभाओं को संबोधित किया उनके साथ प्रमुख रूप से लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, परदेशी साहू, नील निर्मलकर, मुकेश चंद्राकर, जितेंद्र साहू, पवन साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोकतंत्र के उत्सव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने राजनांदगांव शहर के व्यापारियों द्वारा की गई अनूठी पहल

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

० प्रत्येक मतदाता ग्राहक को प्रत्येक खरीदी पर दी जाएगी 10 प्रतिशत की विशेष छूट
० ऊंगली पर स्याही के निशान के साथ सेल्फी फोटो दिखाना अनिवार्य, व्यापारियों द्वारा की गई शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र के उत्सव में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने एवं मजबूत, सशक्त, सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने राजनांदगांव शहर के व्यापारियों द्वारा अनूठी पहल की गई है। मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठानों द्वारा मतदाता ग्राहकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में स्वीप अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से मेसर्स बरडिया ज्वेलर्स सदर बाजार में ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इसी तरह मेसर्स डीके रेडीमेड गुड़ाखु लाईन, मेसर्स जलाराम स्वीट्स जीई रोड, मेसर्स मिठाई वाला लखोली चौक, मेसर्स जोधपुर स्वीट्स अनुपम नगर, मेसर्स शर्मा बेकर्स के सभी स्टोर्स एवं मेसर्स शिवम मार्ट कमला कॉलेज रोड में प्रत्येक मतदाता ग्राहक को प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने के लिए प्रत्येक मतदाता ग्राहक को मतदान केन्द्र के सामने ऊंगली पर स्याही के निशान के साथ सेल्फी फोटो दिखाना अनिवार्य होगा तथा विशेष छूट का लाभ मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए होगा। व्यापारियों द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव को मनाने तथा राष्ट्र की उन्नति में सहभागी बनने के लिए मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना बहुमूल्य मतदान का प्रयोग करने की अपील की गई है।

दक्षिण ब्लॉक के ग्रामीण वार्डों में नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस ने खोली भाजपा की पोल

राजनांदगांव (दावा)। दिन-मंगलवार को राजनांदगांव शहर के ग्रामीण वार्डों में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा नुक्कड़ सभा आयोजित कर भाजपा के वादा खिलाफी और भ्रष्टाचार की पोल खोली।

ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष विष्णु सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रैल को शाम 5 बजे से वार्ड क्रमांक 49 मोहड़, वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई एवं वार्ड क्रमांक 51 हल्दी में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन भाजपा पर कड़ा पहार करते हुए कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव आम नहीं खास चुनाव है। केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की तानाशाही सरकार अहंकार में डूबकर लोकतंत्र की हत्या करने से भी नहीं चुक रही हैं। पूरे देश को निजीकरण की दिशा में ले जाकर सरकार और लोकतंत्र के अस्तित्व को ही खत्म करना चाहते हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड के जरिए भाजपा ने ऐसी कंपनियों से पैसा ले लिया, जिनके रिकॉर्ड कई वर्षों से या तो बंद है या जो कंपनियां घाटे में चल रही है, ऐसी कंपनियां भी हजारों करोड़ का चंदा भाजपा को दे रही है और हिंदुत्व की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी और केंद्र में बैठी सरकार गौ मांस निर्यात करने वाली कंपनियों से चंदे के रूप में मोटी रकम लेकर अपने आप को हिंदूवादी पार्टी होने का झूठा भ्रम भारत में फैला रही है।

वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा ने बढ़ती हुई महंगाई को लेकर 2014 और 2024 के तुलनात्मक मूल्य का ब्योरा देकर गैस सिलेंडर के दाम पेट्रोल-डीजल और आवश्यक सामग्री की महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वहीं पूर्व महापौर सुदेश देशमुख एवं सेक्टर प्रभारी दीना सोनकर एवं संजय साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने अंग्रेजों के डिवाइड एंड रूल को फॉलो किया है। भारत के लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटकर देश की तरक्की और आर्थिक सुदृढ़ता को रोकने का घृणित कार्य केंद्र में बैठी सरकार और भाजपा ने किया है।

वहीं पूर्व पार्षद भारत साहू एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ग्रामीण गणेश दास वैष्णव ने भाजपा की सरकार को जुमलेबाज की सरकार करार दिया और इस बार इनके बहकावे में नहीं आना है और कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल को जिताने की अपील की, जिससे राजनांदगांव की आवाज भारत के उच्च सदन में मजबूती के साथ मनवाई जा सके।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश शर्मा, सुदेश देशमुख, बूथ अध्यक्ष स्वतंत्र दास साहू, तेजराम पटेल, राजू खान, पार्षद संजय रजक, पार्षद केवल साहू, वार्ड अध्यक्ष राकेश रावते, उत्तम साहू, टीकम निषाद, तेनसिंह साहू, जीवनदास मानिकपुरी, विशाल यादव, सुरेश निषाद, रूपेश साहू, भागवत साहू, लक्ष्मण नेताम, शेखर निषाद, मनोज यादव, जितेंद्र निषाद, सरिता साहू, ललिता साहू, मुन्ना भाई, समय निषाद, खिलेश्वर पाल, रमेश मंडावी, यादवराम चंद्राकार, ओमप्रकाश साहू, कुशल राम निषाद, युवराज हिरवानी, शंकर श्रीवास, कार्तिक राम साहू, नरेश निषाद, डेराहाराम साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कांग्रेसजन शामिल रहे।

ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए जनजागरूकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए रेल मंत्रालय ने महिलाओं के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहल की हैं। ये प्रयास मुख्य रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने महिलाओंए विशेष रूप से चयनित लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले या बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ 'मेरी सहेली', 'ऑपरेशन मातृशक्ति' आदि जैसी कई पहल शुरू की हैं ।

''मेरी सहेली'' टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकरए प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान मेंए महिला आरपीएफकर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित ष्मेरी सहेलीष् टीमों को देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया हैए जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत हैए जो कि 13 अलग.अलग ट्रेनों को कवर करती है।

रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टरए इंस्पेक्टर शामिल है । आरपीएफ की महिला कर्मी न केवल महिला रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती हैंए बल्कि मुसीबत में महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं। आरपीएफ की महिलाकर्मी 'ऑपरेशन मातृशक्ति' के तहत इन महिलाओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक बच्चे के जन्म की सुविधा प्रदान करती हैं। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 19794 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 51 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को 'मेरी सहेली' की टीम ने सहायता पहुंचाई। इसमें बिलासपुर रेल मण्डल में 7040 ट्रेनों में 67911 महिला यात्रीए रायपुर रेल मण्डल में 7945 ट्रेनों में 70790 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मण्डल में 4809 ट्रेनों में 13278 महिला यात्री शामिल हैं । भारतीय रेल का यह कदम ट्रेन के सफर को महिलाओं के लिए बेहद सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस अभियान से महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना जागृत हुई है। साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ी है। इस अभियान से महिला यात्री अपने गन्तव्य तक सुरक्षित महसूस करते हुए आत्मविश्वास के साथ यात्रा कर रही है।

रॉयल किड्स कान्वेंट में आयोजित हुई इंटर हाउस टेबल टेनिस प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं खेल के लिए प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में दिनांक 20 अप्रैल 2024 को इंटर हाउस टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें शाला के चारों हाउस जवाहर, सुभाष, भगत, और आजाद हाउस के मध्य प्रतियोगिता हुई।

इस प्रतियोगिता में भगत हाउस प्रथम स्थान पर रहा और इसमें (बालिका वर्ग) में रिति मेश्राम एवं लावण्या बाफना और (बालक वर्ग) में शौर्यन प्रताप सिंह एवं प्रांजल देशमुख का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा। विदित हो कि रॉयल किड्स कान्वेंट में विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए पढाई, खेल और अन्य सभी क्षेत्रों से सम्बंधित इस तरह के आयोजन समय - समय पर होते रहते हैं। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष श्री अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह एवं शाला के एकेडेमिक डायरेक्टर/प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, सी.जी. बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू, सी.बी.एस.ई बोर्ड प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव सहित सभी शिक्षक-शिक्षाकाओं ने बधाईयाँ दी हैं।

गंज मण्डी में पार्किंग, साफ सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिये आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। 24 अप्रैल राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन हेतु सामग्री वितरण वापसी एवं मतदान गणना के लिये निर्धारित स्थल गंज मण्डी का आज आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर सुचारू मूलभूत व्यवस्था के लिये तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।

गंज मण्डी में आयुक्त श्री गुप्ता ने पार्किंग स्थल का जायजा लेकर मुरूम डालकर समतलीकरण करने, वाहन खडा करने के स्थल में मार्किंग करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा। उन्होंने विधानसभा वार पानी की व्यवस्था के लिये जार रखने, अस्थाई टायलेट बनाने, मोबाईल टायलेट खडा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिला एवं पुरूष दोनों के लिये अलग अलग व्यवस्था हो, इसके लिये सुचक बोर्ड लगावे। उन्होंने मण्डी परिसर, गणना स्थल, सामन वापसी वितरण स्थल में साफ सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण गणना स्थल के विभिन्न स्थानों में डस्टबिन रखे, उसे भरने पर खाली करावे एवं टायलेट की साफ सफाई करावे।

उन्होंने कहा कि मण्डी में सभी कार्यो के सुचारू संचालन के लिये पर्याप्त कर्मचारी लगावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि मतदान केन्द्रों में भी सुचारू मतदान के लिये रैम्प, बिजली, पानी तथा कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता दीपक महला व अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी, राजस्व लिपिक प्रकाश साहू उपस्थित थे।

संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

राजनांदगांव(दावा)। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संभागायुक्त ने मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान दिवस की तैयारी कर ली गई है। मतदान दलों को सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को किया जायेगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि पत्तों के बने मंडप इकोफ्रेडली मतदान केन्द्र भी बनाये जा रहे हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रोफार्मा 10–01

सार्वजनिक अधिसूचना

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के पनियाजोब (रहित) से बोरतलाव (रहित) किमी. न. 936/14ए से किमी. नं. 943/22ए (7.131 आर.के.एम.: 8.192 टी.के.एम.) के खण्ड पर 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़, ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा।

खण्ड	मंडल	दिनांक
पनियाजोब (रहित) से बोरतलाव (रहित) किमी. न. 936/14ए से किमी. नं. 943/22ए (7.131 आर.के.एम.: 8.192 टी.के.एम.) के खण्ड पर 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़, ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारो को उर्जित किया जाएगा।	नागपुर द.पू.म. रेलवे	25.04.2024

प्रोफार्मा 10–02

ए.सी. 25 के.वी. कर्षण को चालू करना "सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"

जन साधारण सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है, कि द.पू.म. रेलवे नागपुर मंडल के पनियाजोब (रहित) से बोरतलाव (रहित) किमी. न. 936/14ए से किमी. नं. 943/22ए (7.131 आर.के.एम.: 8.192 टी.के.एम.) के खण्ड पर 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़, ए.सी. विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से **4.78 मीटर** की स्पष्ट ऊँचाई पर गेजें लगाई गई है, ताकि बहुत ऊँचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार (कॉन्टेक्ट वायर) जो समपारों पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर होंगे की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है, कि वाहनों की लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और वह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिल्लंघन न करें।

अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है :–

1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़कें और रेलवे लाईन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाए जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण)
सीपीआर/10/32 द.पू.म. रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मतदान करने अपील की

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, आप अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान करें।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने मतदान के अवसर पर जिले की सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकान, मद्य भण्डारण-भाण्डागार एवं भांग व भांगघोटा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णत- बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है। जिले की सीमा से लगे अन्य राज्य के जिले एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले की 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार अन्य राज्य के जिले में एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के दौरान 3 किलोमीटर की दूरी में राजनांदगांव जिले की मदिरा दुकान को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णत- बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस ने होटलों/लॉजों और ढाबों का किया चेकिंग

लोकसभा क्षेत्र के बाहर का व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन के 48 घण्टे पूर्व किसी वैध कारण के नहीं ठहरेगा

राजनांदगांव(दावा)। पुलिस ने लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के पालन में बुधवार को शहर व आसपास के होटल ढाबों व रेस्टोरेंट आदि ने चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान होटल/ लॉज के रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। वहीं होटल/लॉज में ठहरने वाले आगंतुकों की आईडी प्रुफ आदि की जांच करने हेतु हिदायत दी गई।

पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्यावाही की जाएगी। प्रशासन द्वारा किसी को संदिग्ध व्यक्ति नजर आने व मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु कहा गया है। पुलिस की इस दौरान दूसरे जिला/राज्य से आकर मतदान के दौरान उपद्रव करने वालों पर पैनी नजर बनी रहेगी। बता दें कि 26 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान होना है जिसे निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने हेतु प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके तहत जिले में 06 स्थैतिक चेकपोस्ट लगाकर वाहनों को चेक किया जा रहा है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के लिय विशेष तौर पर शहर के आउटर में 05 स्थितिक पॉइन्ट लगे है और 01 स्थितिक पॉइन्ट डोंगरगढ़ में लगा है जो अन्यत्र जिला व शहर के अंदर आने वाले वाहनों की गहनता से चंकिग कर रहें हैं। दूसरे जिलों/राज्य से आकर मतदान में गड़बड़ी, उपद्रव करने वालों पर नजर रखने के लिए होटल और ढाबों का चेकिंग अभियान चलाया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत लोकसभा क्षेत्र के बाहर का व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन के 48 घण्टा पूर्व किसी वैध कारण के बिना जिले में नहीं रहेंगे और चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार नहीं करेंगें इस हेतु राजनांदगांव शहर क्षेत्र के कई होटलों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान होटल/लॉज के रजिस्टर को चेक किया गया, बाहर से आकर लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लेने वाले सभी बाहरी लोगों को 24अप्रेल की संध्या 06:00 बजे के पहले वापस जाने को कहा गया साथ ही उनका अन्य दस्तावेजों की जांच की गई,। सभी होटल/लॉज संचालकों को निर्देश दिया गया कि बाहर से आकर ठहरने वाले आगंतुकों की आईडी आदि की जांच करें कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी।

अनमोल दावा

> मनुष्य को परिणाम की चिंता किए बिना, लोभ-लालच बिना एवं निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए

दिल्ली में कचरे के पहाड़ खड़े होने के बावजूद सरकार समस्या को लेकर गंभीर नहीं

देश की राजधानी और व्यवस्था के स्तर पर अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा बेहतर होने के दावे के बावजूद अगर दिल्ली में कई जगह कचरे के पहाड़ खड़े दिखते हैं, तो यह अपने आप में एक अफसोसनाक तस्वीर है। विडंबना है कि लंबे समय से इस समस्या के उत्तरोत्तर गंभीर होते जाने और कई बार बड़ा मुद्दा बनने के बाद भी अब तक इसका हल निकालने की कोई गंभीर पहल नहीं दिखती।

यह बेवजह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर हैरानी जताई है कि दिल्ली में हर रोज ग्यारह हजार टन ठोस शहरी अपशिष्ट पैदा होता है, जिसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं किया जाता। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट पर कहा कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 को लागू हुए आठ साल गुजर चुके हैं, मगर अब तक दिल्ली में इस पर ठीक से अमल नहीं हुआ है। दिल्ली में उपराज्यपाल और सरकार के बीच जिस तरह की खींचतान चलती रहती है, उसमें इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा!

नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया है। क्या इन इकाइयों को अपने दायित्व का अहसास नहीं है? यह समझना मुश्किल नहीं है कि दिल्ली में अगर रोजाना ग्यारह हजार टन अपशिष्ट निकलता है और उसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं हो पाता, तो आखिर उसका क्या होता है और आसपास के इलाकों की आबोहवा पर उसका क्या असर पड़ता होगा। गौरतलब है कि दिल्ली में भलस्वा, गाजीपुर और ओखला स्थित कचरा पट्टियों पर जितने बड़े पैमाने पर अपशिष्ट जमा होता गया है, उससे आसपास के इलाकों में कई तरह की समस्याएं पैदा हो गई हैं। सोमवार को गाजीपुर कचरा पट्टी में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में अठारह घंटे लग गए। कचरे के निपटान की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित नागरिक निकाय की है। मगर सवाल है कि उसकी निगरानी करने और पूरे कचरे के निपटान या प्रबंधन को सुनिश्चित करने का दायित्व किसका है?

लघुकथा

// दो आँखें //

विवाह की सभी रस्में पूरी हो चुकी थी। विदाई की बेला आई। मंडप में स्वजन-परिजन सब उपस्थित थे। तभी एक ने कहा- ''लो जल्दी करो जी। बहुत रात हो रही है। एक बजे से पहले विदाई हो जानी चाहिए। बहुत दूर भी जाना है।''

शीघ्रता करने के बावजूद विदाई में टाइम लग ही गया; और टाइम लगना ही था, वैशाली बचपन में ही गुजरी माँ की इकलौती बेटी जो थी। चार बड़े भाई-भाभियों के लाड-प्यार में पली-बढ़ी यौवन की दहलीज पर कदम रखा था उसने। विदाई होते तक सबकी आँखें नम थी।

थोड़ी देर बाद सब सामान्य हुआ। सभी भाई मेहमानों के देखरेख में लग गए। भाभियाँ भी इधर-उधर व्यस्त हो गयीं। पर अभी भी मंडप में दो आँखें ऐसी थीं, जो डबडबाती जा रही थीं। वे दो आँखें ही पिता की थीं।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.

जहां 'राम' का स्वागत करते हैं 'रहिम'

टीकाराम साहू 'आजाद'

भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ था, लेकिन उनके जन्मदिन पर अयोध्या साकार होती है संतरानगरी नागपुर में। हिंदू-मुस्लिम समुदाय के बीच विवाद के कारण अयोध्या के राम मंदिर का मामला भले ही कोर्ट के कठघरे में है, लेकिन नागपुर में रामनवमी पर हिंदू-मुस्लिम समुदाय के बीच सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की अद्भुत मिसाल देखने को मिलती है। राम का स्वागत करते हैं रहीम, जो इस बात का प्रमाण है कि संतरानगरी में आज भी गंगा-जमुनी तहजीब जिंदा है। मुस्लिम भाई पूरी दुनिया में प्रसिद्ध श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा पर

एक ऐसे वक्त में जब देश भर से सांप्रदायिक तनाव की खबरें अमूमन आती ही रहती हैं, संतरानगरी नागपुर में आज भी जिंदा है गंगा- जमुनी तहजीब ।

पुष्पवर्षा कर उसका हार्दिक स्वागत करते हैं। अपने परिवार के साथ सड़कों पर घंटों खड़े रहना, खड़े रहकर शोभायात्रा की झांकियों का दर्शन करना उनके लिए आम है। यह सिलसिला वर्षों से चल रहा है। यही सामाजिक सद्भाव नागपुर को एक अलग पहचान देता है।

स्वाधीनता सेनानी की पहल

सन् 1992 की बात है। अयोध्या में बाबरी ढांचा गिरने पर शहर का माहौल गर्म था। ऐसे समय स्वाधीनता सेनानी अब्दुल हमीद कर्नल ने भाईचारा कायम करने का बीड़ा उठाया। अमन शांति कमेटी बनायी। रामनवमी पर जब श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकली, तो वह भगवाघर चौक के पास हिंदू-मुस्लिम के प्रतीक चिन्ह भगवा और हरा झंडा हाथों में लेकर मंच पर खड़े हुए। शांति और भाईचारे का संदेश दिया। शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। शांति के प्रतीक कबूतर छोड़े। उनके साथ थे मुस्ताक बाबा खान शेख अमीर और जमुना प्रसाद पेंटर।

अब्दुल हमीद कर्नल के इस कदम का उन्हीं के समाज के लोगों ने यह कह कर विरोध किया कि मुस्लिम होकर तुम हिंदुओं के भगवान राम का स्वागत कर रहे हो। उनका जवाब था- हमारे पैगंबर मोहम्मद साहब ने भी समाज में अमन, शांति और भाईचारे का पैगाम दिया है। मैं उनके ही नक्शेकदम पर चल रहा हूं। कर्नल साहब के जवाब से समाज के लोग लाजवाब हो गये। जो शोभायात्रा के स्वागत का विरोध कर रहे थे, दूसरे साल वे भी फूल लेकर शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए मंच पर खड़े थे।

अब्दुल हमीद कर्नल स्वाधीनता सेनानी थे। देश की आज़ादी की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। वे नागपुर में मदनलाल बागड़ी के नेतृत्व में संचालित लाल सेना में थे। लाल सेना में कर्नल थे, इसीलिए वे कर्नल के नाम से जाने जाते थे। स्वाधीनता सेनानी होने के कारण वह हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता का पैगाम देते थे। कर्नल साहब का कहना था कि अपने धर्म के प्रति निष्ठा के साथ ही हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। वह हिंदू-मुस्लिम सौहार्द के प्रतीक बन गये। जब भी कोई विवाद होता वह पहुंच जाते और समस्या का समाधान हो जाता।

वह हमेशा कहते थे-

''यह देश ब्राह्मण, मुल्ला और पांडे
यह सब एक ही माटी के हांडे
हिंदू-मुस्लिम दिल में क्यों रखते हैं
इख्तियार
तुम अर्जुन की तीर बनो, हम हैदर की तलवार
घर-घर पहुंचाएं भाईचारगी का पैगाम ।''

वह कहते थे-

''इस धरती पर प्रेम की गंगा बहने दो
मत करो आपस में दंगा रहने दो
मत बांटो हमको अलग-अलग कलरों में
सबसे ऊपर यही तिरंगा रहने दो।''

कर्नल साहब हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे। वह मोहम्मद अली सराय और अंजुमन स्कूल - कमेटी जैसी विभिन्न संस्थाओं के सदस्य भी रहे। सन् 2005 में उनका निधन होने के बाद अमन शांति कमेटी की कमान उनके बेटे हाजी आसिफ कर्नल ने संभाली। कर्नल साहब के सामाजिक सौहार्द स्थापित करने में अमूल्य योगदान को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक चौहान ने चिटनीस पार्क में आयोजित एक समारोह में आसिफ कर्नल का सत्कार किया। आसिफ कर्नल का कहना है- 'श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा हिंदुस्तान की शान है। यह पूरे देश और दुनिया में जाना जाता है। शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए किसी से चंदा नहीं लिया जाता। मुस्लिम समाज के लोग भी स्वेच्छा से आते हैं।'

दाऊदी बोहरा समाज

शांतिप्रिय दाऊदी बोहरा समाज ने भी श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से कर सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया है। समाज के लोग अपनी पारम्परिक वेशभूषा में सड़कों पर खड़े रहकर न सिर्फ भगवान राम का दर्शन करते हैं, बल्कि उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत भी करते हैं। समाज के युवा शब्बीर आर्वीवाला कहते हैं 'बोहरा समाज सर्वधर्म समभाव की भावना का आदर करता है। इसका प्रतीक है श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का स्वागत। बोहरा और हिंदू समाज दोनों प्रगतिशील समाज है। दोनों में कई समानताएं हैं- व्यवसाय और अनिस्टी। बोहरा समाज जिस धर्म से ताल्लुक रखता है और इस समाज के लोग जिस जगह पर रहते हैं, उसके प्रति जान-माल, तन-मन और से कार्य करते हैं।' उनका कहना है कि आपसी देश का संदेश हमारे लिए, उतना ही प्रिय है, जितना हम अन्य समाज के बंधुओं के लिए। दाऊदी बोहर समाज की ओर से इतवारा बोहरा मस्जिद के शोभायात्रा का स्वागत इस बार भी गुलाब का फू घर और चॉकलेट वितरण कर किया गया। इनमें अमुख रूप से उपस्थित थे मुर्तुजा कागजवाला, मोटरवाला, मलिकुसतर फिदवीं, हुजेफा सहरी हसन बालापुरवाले, अली असगर आजेवाला, मोहम्मदभाई मामा जी।

3 बार गंगा स्नान

शब्बीर भाई 3 बार गंगा स्नान कर चुके हैं। पाचों देवी के दर्शन भी किये। बचपन में वे शोभायात्रा देखने के लिए सीतावर्डी जाया करते थे और शर्त लगती थी कि कौन-सी झांकी सबसे अच्छी है। उनका कहना है- हर समाज ने अपने आराध्य को एक आकार दे दिया है, लेकिन वह है एक ही। सभी समाज के लोगों के प्रति सम्मान भाव रखना चाहिए।

ताजुलवरा माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी

शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय ताजुलवरा माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी कौमी एकता के लिए कार्य करता है। सोसायटी के अध्यक्ष गुलाम साबरी ने बताया कि नागपुर में हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर दीवाली और होली का त्योहार मनाते हैं। यही कारण है कि सोसाइटी पिछले 12-13 वर्षों से श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा से कर रही है। इसका उद्देश्य समाज में अमन, शांति कायम कर कौमी एकता का संदेश देना है।

जुल्फिकार भुट्टो मित्र परिवार

जुल्फिकार भुट्टो मित्र परिवार पिछले करीब 17 वर्षों से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में जुटा है। मोहम्मद पैगंबर के जन्मदिन पर टिमकी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस और गांजाखेत में श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा दोनों का स्वागत करते हैं। पार्षद जुल्फिकार भुट्टो के नेतृत्व में सभी समाज के लोग एक मंच पर आते हैं। जुल्फिकार भुट्टो बताते हैं- शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए लोगों को निमंत्रण देने की आवश्यकता नहीं पड़ती, लोग स्वयं पहुंच जाते हैं।

विचार सरिता

मन में बसे हैं : राम 129 दशरथ पुत्रों का है राज्य की प्रजा से आत्मीय संबंध

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

''महाराज दशरथ की जय हो''
''राजकुमार राम की जय हो''
''राजकुमार भरत की जय हो''
''राजकुमार लक्ष्मण की जय हो''
''राजकुमार शत्रुघ्न की जय हो''

श्री राम ने अपना दाहिना हाथ उठाकर प्रजा को शांत रहने का इशारा किया और इसके बाद दोनों हाथ जोड़कर उन्होंने कहा, ''अयोध्या की प्रजा की जय हो। अयोध्या की धरती की जय हो। अयोध्या राज्य की जय हो। आप सभी का अयोध्या के प्रतिनिधि के रूप में स्वागत है।''

श्री राम के इन कथनों को जनता ने जय घोष में बदल दिया और बहुत देर तक गगन भेदी नारे लगते रहे। श्री राम ने कहा, ''आप सभी का स्नेह देखकर मैं अभिभूत हूं। मुझे प्रसन्नता है कि हम सब अयोध्या राज्य के सजग नागरिक हैं। मेरे एवं मेरे परिजनों के प्रति आपने जो प्रेम का प्रदर्शन किया है वह संपूर्ण परिवार के लिए एक अमूल्य धरोहर है।''

जब ऋषि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण अयोध्या से बाहर निकले तो बहुत से लोगों को इस बात का ज्ञान नहीं था। एक व्यक्ति ने श्री राम से कहा, ''आपके इस तरह अचानक अयोध्या छोड़कर चले जाने से हम सब चिंतित थे। राजकुमार जी आपको कम से कम अयोध्या के हित में अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना था और अयोध्या के सैनिकों की एक टुकड़ी आपके साथ अवश्य होनी चाहिए थी। हमने महाराज दशरथ से भी यही कहा था।''

हे श्रेष्ठ जन! मुझे किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। मैं गुरु विश्वामित्र के आदेश पर अपने अनुज लक्ष्मण के साथ एक विशेष सैन्य अभियान पर था और यह कार्य गुप्त प्रकृति का था इसलिए अधिक लोगों को साथ लेकर जाना संभव नहीं था। मैं स्वयं गुरुदेव के यज्ञ की रक्षा के लिए नियुक्त हुआ था। ऐसे में मेरे द्वारा कोई सुरक्षा ग्रहण करना असंगत था। आप सबकी शुभकामनाओं से वह अभियान सफल रहा।'' श्री राम ने समझाया।

एक दूसरे नागरिक ने कहा, ''इससे आपके प्राणों पर संकट भी उपस्थित हो सकता था।''

''हो सकता था लेकिन राम चुनौतियों से भयभीत नहीं होता है। अयोध्या राज्य के राजकुमार स्वतः ही राज्य की सेना के अंग हैं। जहां जैसी आवश्यकता होती है, उसके अनुरूप महाराज किसी अभियान हेतु योद्धाओं का चुनाव करते हैं।आपका राम आपको आश्वस्त करता है कि अयोध्या राज्य और इसकी प्रजा की सुरक्षा और लोगों का कल्याण मेरे जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।'' श्री राम ने कहा।

भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्न ने भी प्रजा को संबोधित किया और उनके प्रेम के लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया।

श्री राम के अनुरोध पर अयोध्या से आए हुए समूह के लोग अपने-अपने ठहरने की जगह में लौट गए। जनवासे से विधिवत बारात निकली। इस बारात की अगवानी के लिए जनकपुरी के सभी नागरिक मुख्य राजमार्ग के दोनों ओर एकत्र हैं और पुष्प पंखुड़ियों की अनवरत वर्षा कर रहे हैं। यह अयोध्या और जनकपुरी का महामिलन है। दोनों राज्यों में दीपावली का सा उत्सव है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य - 037

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदू विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेचकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औरत के हिस्साब से 18. कृपक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	घी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
				आ	ग		दा	ना
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

सू- दोकू क्र.037

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.036 का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5

राशिफल

मेष आज आपका दिन जिम्मेदारियों से भरा रहने वाला है। राजकीय पक्ष में लोगों का सहयोग तो मिलेगा ही साथ ही आगे बढ़ने का प्रोत्साहन भी मिलेगा। आज ऑफिस में दोस्त आपके प्रोजेक्ट से काफी आश्चर्यचकित होंगे। आज बेटे के आगे बढ़ने से आपको काफी खुशी होगी। छात्रों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

वृषभ आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज कार्य क्षेत्र में आपको सफलता मिलती रहेगी। आपको निरंतर मेहनत करने की अवश्यकता है। आज आपके कुछ दोस्त आपसे मिलने घर आ सकते हैं। जिससे आपको काफी अच्छा लगेगा। विद्यार्थी किसी प्रोजेक्ट में अपने सीनियर्स की मदद ले सकते हैं।

मिथुन आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द बढ़ेगा। आज पारिवारिक खुशियों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी खास कार्य की जानकारी किसी बड़े से लेंगे। इससे उन्हें गर्व महसूस होगा। स्वास्थ के लिहाज से आज का दिन फिट रहेगा। आज धार्मिक कार्यों की ओर आपका झुकाव होगा।

कर्क आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आमदनी के बढ़ते आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आप उनका भरपूर फायदा उठाएंगे। आज आपके रुके हुए कार्य किसी दोस्त की मदद से पूरे होंगे। कुल मिलाकर आज आपकी दिनचर्या बेहतरीन रहेगी।

सिंह आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स को आज कोई बड़ी डील हाथ लगेगी, जिससे भविष्य में आपको अधिक लाभ होगा। आज घर का माहौल बदलने के लिए आप पार्टी कर सकते हैं, इससे घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। घुटने की समस्या से परेशान लोगों को आज राहत मिलेगी।

कन्या आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे, साथ ही आपके निर्णय में उनका भरपूर सपोर्ट मिलेगा। अगर आपका कोई कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा। आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी।

तुला आज आपका दिन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा। इस राशि के प्रतियोगी परिक्षा के छात्रों को कामयाबी तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। आज घरवाले किसी काम से आपकी सलाह लेंगे। ऑफिस में आपको पॉजिटिव विचार रखने चाहिए इससे आपका काम आसानी से बन जायेगा।

वृश्चिक आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से अपने मन की बात कहेंगे, जिससे आपका मन हल्का होगा। बिना किसी अनुभावी की राय लिए आपको बिजनेस शुरू नहीं करना चाहिए। आज ऑफिस में कुछ नए लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। जरुरत से ज्यादा किसी से बात करना उचित नहीं होगा।

धनु आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बड़ों का सम्मान करेंगे। लम्बे समय से स्वास्थय सम्बंधित समस्या से परेशान लोगों को काफी हद तक आराम मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आपको सकारात्मक परिवर्तन दिखेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि का माहौल बनेगा। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा।

मकर आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने शरीर को थोड़ा आराम देना चाहिए, अनावश्यक सोच-विचार करने से बचना चाहिए। आज भाई आपसे किसी जरुरी मसले पर आपकी राय लेंगे। ऑफिस में अपने विरोधियों के प्रति सावधान रहे। इस राशि के डिप्लोमा कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई में मेहनत जारी रखे।

कुंभ आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। छोटी-छोटी बातों में आज आपको उलझने से बचना चाहिए। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आपका पद भी बढ़ने की उम्मीद है। छात्रों को आज अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नया कर सकते हैं।

मीन आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला है। आय में वृद्धि के अनेकों मार्ग मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और मजबूत बनेगी। आज किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, इससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज किसी जरुरी टॉपिक पर जीवनसाथी से बात कर सकते हैं।

सामयिक चर्चा

बीड़ी : मौत की सीढ़ी

अखबार उठाकर
बानी बोले- ''गजाधर!
आज हम चुनावी खबर नहीं पढ़ते हैं।
सुनिए, यह दुःखद किन्तु सत्य खबर
कि बीड़ी पीने से हमारे छत्तीसगढ़ में
हर साल ग्यारह हजार और देश में
साढ़े पांच लाख लोग मरते हैं।
मरने वाले, मुँह के केंसर, फेफड़ों के केंसर,
दिल की बीमारी, टी.बी., अस्थमा से
ग्रसित होते हैं। घर के लोग भले रोते हैं,
पर बीड़ी प्रेमी, बीड़ी पीना नहीं छोड़ते हैं।
मना करने वाले को, ऊट पटांग तर्क देकर,
फिर कुछ होकर, कुछ भी बोलते हैं।
मैं तो कहता हूँ गजाधर!
ये तो बीड़ी हैं,
दरअसल मौत की सीढ़ी है।
आप इस पर क्या कहते हैं?'
गजाधर मुस्कराए, बोले-''हाँ बानी!
और बीड़ी पीते हुए लोग सीढ़ी से ''ऊपर''
चढ़ना पसंद करते हैं।
ताकि वहां उनकी तबीयत
और खिले और बीड़ी से
भी कोई और बड़ी चीज,
आराम से, निश्चिन्तता से,
पीने को मिले।''

गिरीश बख्शी

कविता

छत्तीसगढ़ देबी देवता के गढ़

छत्तीसगढ़ ल सबे कहिथे, धान के कटोरा।
छत्तीसगढ़ म छत्तीस कोटी देवता करथे बसेरा।
अन्टागढ़ म अन्टागढ़हीन, दाई ह बिराज हे।
मोहनी मुरतिया रूप जेकर, सुघ्घर रूप ल साजे हे।
बस्तर म तेलिन शक्ति, नागिन कस फुसकारत हे।
दाई कसमा अऊ राजिम माता, सब भक्त नल तारत हे।
रायपुर म दुगधा धारी, अऊ सुघ्घर महमाया हे।
छत्तीसगढ़ म देबी देवता के , चारो मुड़ा छत्रछाया हे।
चन्दखुरी म माता कौशिल्या के, सुघ्घर बने धाम हे।
छत्तीसगढ़ के भांचा राम ल, मोर घेरी बेरी परनाम हे।
दुरूग म हे चण्डी माई, अऊ पंचमुखी हनुमान हे।
सबके मनौती पुरा करथे, जेकर अड़बड़ मान हे।
खैरागढ़ म दन्तेश्वरी दाई, सुर संगीत ल साजत हे।
स रे ग म प ध नी स सबला नाच नचावत हे।
नांदगांव म पाताल भैरवी, शीतला के जस गान हे।
भारी भरकम शिव जी बईठे, सबला दरस करात हे।
सिंघोला के भानेश्वरी दाई, झुलना म मुसकावत हे।
गांव गांव म शीतला माता ल, सब जुड़वास चघावत हे।
धमतरी के बिलाईमाता, बैईरील गर्रावत हे।
झलमला के गंगा मईया, अपन मया बरसावत हे।
डोंगरगढ़ के बम्लेश्वरी माई, परवत ले निहारत हे।
कतको दुखिया के दुख हरके, भगतन मन ल तारत हे।
ऐ हावे फेर एक्कीस बनके, शक्तिपीठ कहावत हे।
छत्तीसगढ़ के महिमा ल, गिन के कोन बतावत हे।
छत्तीसगढ़ म नदिया नरवा, अऊ महानदी के खड़ हे।
बड़ मयारू दाई हमर, सुघ्घर छत्तीसगढ़ हे।

आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो. भाठागांव

भुनेश्वर बघेल ने 46 गावों में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भूपेश के लिए मांगा समर्थन

घुमका (दावा)। 24 अप्रैल 24 राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने लगातार 5 दिनों तक सुबह 9 बजे से शाम तक घुमका ब्लॉक के 46 गांवों में धुंवाधार प्रचार करते हुए डोर टू डोर पहुंच कर भूपेश के लिए समर्थन मांगा इस दौरान उन्हें जनता का भरपूर प्यार व आशीर्वाद भी मिला। जनता ने कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल में भूपेश के जनहितैषी योजनाओ की तारीफ करते हुए भूपेश को ऐतिहासिक मतों से जिताने का आश्वासन भी दिया। चिलचिलाती गर्मी में भुनेश्वर बघेल के साथ उनके कार्यकर्ता भी सभी गांवों में उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने प्रत्येक गावो में जनता को भूपेश बघेल के पिछले कामों को याद दिलाते हुए आगामी चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में पांच न्याय की गारंटी की जानकारी जनता को दी। जिसमे केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर नारी न्याय गारंटी की महालक्ष्मी योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को प्रति माह 8333 रु प्राप्त होने की जानकारी दी, मनरेगा मजदूरी को 200 से बढ़ाकर 400 रु करने, युवाओं को रोजगार के अवसर व किसान न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी, श्रमिक न्याय गारंटी, भागीदार न्याय गारंटी, किसान न्याय गारंटी पर जनता से चर्चा करते हुए उनके लाभो से अवगत कराया।

भुनेश्वर बघेल ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में मोदी सरकार के कामो से आम जनता को काफी नुकसान हुआ उनकी सरकार सिर्फ उद्योग पतियों की सरकार है गरीबी हटाने, रोजगार, महिलाओ के विकास के प्रति उनके पास कोई रोडमैप नही है। अतः कांग्रेस को वोट देकर भूपेश बघेल को दिल्ली भेजकर छत्तीसगढ़ के व देश के विकास में अपना अमूल्य वोट दो नम्बर पर बटन दबाकर कांग्रेस को देने की अपील भुनेश्वर बघेल ने की।

चुनाव प्रचार व जनसम्पर्क के दौरान प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष रतन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, अमित राजपूत, रामकांत साहू, पीयूष दुबे, चंद्रेश वर्मा, जयकुमार वर्मा, फूलमती वर्मा, कल्पना साहू, पार्वती साहू, ललित चांद तारे दिनेश पुराणिक, मनोज वैष्णव, राकेश वर्मा, खेमचन्द पप्पू वर्मा, कमल बंजारे, टुमलाल वर्मा, चुन्नी साहू कमलनारायन साहू, राजेश शान, उग्रसेन साहू, नागेन्द्र मार्कण्डेय, माहरा पाटिला सहित सभी गांवों के स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बड़गांव चारभांठा में बिजली के तार से लगी आग : हॉटल जलकर खाक

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम बडगांव चारभांठा में मंगलवार रात्रि में बिजली तार टूटने से एक हॉटल पूरी तरह जलकर खाक हो गया है. मौके पर मिली जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक मंडल खुज्जी के ग्राम बडगाँव चारभांठा में मंगलवार देर रात्रि को आंधी तूफान के चलते पेड़ गिरने से बिजली का तार टूट गया. जिसके बाद शार्ट सर्किट से सडक़ किनारे पटेल हॉटल को अपनी चपेट में लिया और आग लग गई. यह दुर्घटना रात्रि की है इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई अन्यथा दिन में काफी बड़ा नुकसान हो सकता था.

रात्रि 11 बजे हुए इस घटना की जानकारी समीप के अस्पताल कर्मचारियों को तब लगी जब इस हॉटल में रखे मोटरसाईकिल में तेज आवाज के साथ ब्लॉस्ट हुआ. इसके बाद आनन-फानन में इस हॉटल के मालिक संजय पटेल पिता बुधरूराम पटेल को सूचित किया गया. आग लगने की सूचना ग्राम में पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में मदद के लिए ग्रामीण भी घटना स्थल पर पहुंचे लेकिन बिजली के करेंट और हॉटल में रखे गैस सिलेण्डर के फटने के डर से आग को काबू करने में काफी देर हुई. वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी को सूचित कर मौके पर बुलाया गया और बिजली काटने के बाद फायर ब्रिगेड आदि का कार्य प्रारंभ हो सका किन्तु तब तक काफी देर हो चुकी थी और इस हॉटल में रखे सभी सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गये. इस हॉटल के समीप मोटरसाईकिल रिपेयरिंग की भी दुकान है, जिसमें सुधार कार्य के लिए आये 2 मोटरसाईकिलों को भी इसी हॉटल में रखा गया था. सडक़ किनारे स्थित पटेल हॉटल के नाम से मशहूर गांव का बड़ा हॉटल था, जिसमें सुबह से शाम तक ग्राहकों का तांता लगा रहता था. ऐसे में बड़ी मात्रा में किराना सामानों के साथ ही ठंडा पेय से भरे हुए 2 फ्रीज, गन्ना मशीन, 1 क्रिंटल गन्ना, पलंग, बाजवट सभी प्रकार के बर्तनों के साथ ही काफी मेहनत से बनाए गए हॉटल शामिल है. घटना के बाद प्रशासन की ओर से पटवारी ने मौका मुआयना कर नुकसान की जानकारी ली है.

पहला कॉलम...

मतदान करके अपना नागरिक होने का फर्ज जरूर निभाएं-प्रवीण मारकडे

राजनांदगांव (दावा)। जिले में चुनाव है आप सभी युवा साथी अपना मतदान करने जरूर जाए। वोट डालकर हम नागरिक होने का अपना फर्ज निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। छात्र युवा मंच प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे जी ने बताया कि - अभी छत्तीसगढ़ के सभी जगह में लोकसभा चुनाव होने वाला जिसमें मेरा वोट ऐसे प्रत्याशी को दुंगा जो राष्ट्रीय हित में काम करें जो देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें। सभी नागरिकों की परेशानी समझे और उसका समाधान करें और शासन की योजनाओं को जन जन को प्रदान करें।

आगामी चुनाव में हमारा एक वोट बहुत महत्व रखता है मतदान करना सभी नागरिकों का दायित्व है तो सभी अपना मत राष्ट्रहित में जरूर दें जो देश के विकास में अपना योगदान दे शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में या सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में अपनी भागीदारी दें ऐसे जनप्रतिनिधि को हम अपना सांसद चुने यह हमारा अधिकार है।

आज की दुनिया डिजिटल होती जा रही है सोशल मीडिया मे बहुत से ऐसे लोग पोस्ट करते हैं, जिसमें अपना विचार रखते हैं, परंतु जहां देश की विकास की बात आती है अधिकांश युवा वहां से पीछे हटने लग जाते हैं चुनाव एक ऐसा अवसर हमें प्रदान करता है, जिसमें हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं हमारा मत अधिकार ही मतदान का अधिकार कहलाता है हमारा एक सही निर्णय देश को अधिक ऊंचाइयों तक और बुलंदी तक ले जा सकता है।

हम युग निर्माता हैं, हमें गर्व है हम मतदाता हैं - मनीष साहू

राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र में सांसद का पद बहुत ही महत्वपूर्ण है। युवा मतदाता मनीष साहू ने कहा कि इस पद के लिए चुने जाने वाला व्यक्ति देश को आगे ले जाने या पीछे ले जाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होता है। लोकसभा में चुने जाने वाला व्यक्ति समझदार और शिक्षित होना चाहिए जो देश को विकास के पथ में ले जाने के लिए अपना पूरा तन मन लगा दे। जाति,धर्म से ऊपर उठ कर सड़क, बिजली, पानी जैसे सुविधाओं को सुलभ करा सके ऐसे व्यक्ति को सांसद बनना चाहिए।एक अच्छा व्यक्ति लोकसभा में जनता का प्रतिनिधित्व करे इसके लिए मतदाताओं का जागरूक होना बहुत जरूरी है। लोगों को धर्म,जाति से ऊपर उठकर बेहतर व्यक्ति के चुनाव के लिए मतदान करना चाहिए। आपका एक वोट ही आपका नसीब तय करता है।

उत्साहपूर्वक शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का किया उपयोग

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अनिवार्य सेवा में लगे व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डाक मतपत्र के लिए जिला कार्यालय के क्रमांक 51 कक्ष में सुविधा केन्द्र बनाया गया था। आज 24 अप्रैल अंतिम दिवस शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने लाइन में लग कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।

मोखला निवासी श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने बताया कि बालोद जिले के शिक्षा विभाग में पदस्थ है। उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के रूप में लगी है। श्रीमती साहू ने कहा कि वे कलेक्टोरेट में बने सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मैंने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुई हूं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए आव्हान किया। सहायक ग्रेड-3 कमलेश जांगड़े, शिक्षक नितेश कुमार लोन्हारे, आरक्षक नितिन देवांगन, यतीश कुमार साहू, शत्रुहन लाल सोनकर ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर अपने दायित्वों के साथ जिम्मेदारी को भी निर्वहन किया है। कर्मचारियों ने जिले के सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव में 22 से 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई। अनिवार्य सेवा मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मतदान कर अपने दायित्वों के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी निभाया है।

पैसे मांगने पर नहीं देने से पुत्र ने की अपनी मां की हत्या

हत्या कर छोटे पुत्र ने घर के कुंए में फेंका था शव

राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम बिजेतला में एक कलयुगी बेटे ने पैसे मांगने पर नहीं दिए जाने उसने अपनी मां की ही हत्या कर दी और शव को घर के कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को खोज निकाला है और उसके उसके इस जघन्य हत्या के लिए जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

घुमका पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पैसे मांगने पर नहीं देने के कारण आक्रोशित होकर पुत्र ने मां की हत्या कर दिया और हत्या के बाद मृतिका के पहने हुए चांदी के करधन को निकालकर बेच दिया। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हुआ था जिसे घुमका पुलिस टीम द्वारा सूचना के बाद कुछ ही घंटों में आरोपी को दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अपनी मां की हत्या करने वाले आरोपी का नाम टुमन साहू पिता स्व. चंदन साहू उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बिजेतला थाना घुमका बताया जाता है।

हत्या कर फरार था आरोपी

पुलिस ने बताया कि गत दिनांक 23 अप्रेल की प्रातः थाना घुमका पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजेतला निवासी श्रीमति कांति बाई साहू उम्र 65 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हुई है जिसके शव को मृतिका के घर में स्थित कुंए में से निकाला गया है । उक्त सूचना पर घुमका थाने से पुलिस स्टाफ मौके पर मृतिका घटना स्थल पहुंचकर मौके पर मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई। घटना स्थल व शव निरीक्षण दौरान प्रथम दृष्टया मृतिका कांति बाई साहू को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भारी वस्तु से उसके सिर, माथे, चेहरे व गर्दन में गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से मृतिका के घर के कुंए में फेकना पाये जाने पर मौके पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा-302, 201 भादंवि. कायम कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के बाद से मृतिका का छोटा पुत्र टुमन परिजनों के जानकारी के बिना कहीं फरार है एवं मृतिका का पहना हुआ चांदी का करधन भी गायब है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी टुमन द्वारा बताया गया कि उसे बैगा गुनिया के ईलाज हेतु 36 हजार रूपये की आवश्यकता थी आरोपी द्वारा 23 अप्रेल को करीब 07 बजे जब आरोपी की माता व आरोपी दोनों घर पर ही थे उस समय आरोपी पुत्र ने अपनी मां से पैसों की मांग किया मां कांति बाई द्वारा शराब पीकर उड़ा देते हो कहकर नहीं दूंगी कहकर डांटने लगी जिस बात से आरोपी पुत्र आक्रोशित होकर अपनी मां को घर के परछी में रखे लोहे के हथौडे से लगातार सिर, मांथे व चेहरे पर वार कर हत्या करना तथा मृतिका के पहने चांदी के करधन को निकालकर अपने पास रख लिये। शव को छिपान के उद्देश्य के घर के ही कुंए में फेंक कर चांदी के करधन को लेकर मोटर सायकल से फरार होकर धमधा क्षेत्र के गांव पेण्ड्रावन में ज्वेलर्स के मृतिका के करधन को बेचकर पैसे लेकर वहां से बालोद तरफ भगने की फिराक में था।

आरोपी के कथन के आधार पर घटना प्रयुक्त लोहे का हथौडा, खून से सना हुआ आरोपी का कपड़ा, मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/ एडी 2649, चांदी का करधन व नगदी 40,280 रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी टुमन साहू को बुधवार 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक विक्रात सुरेश कुमार सिंह, खेदूराम उइके , आरक्षक गौतम सिंह, सी पी साहू, गोवर्धन कंवर, यशवंत साहू, यशवंत बंजारे वहीं सायबर सेल राजनांदगांव से आरक्षक आदित्य सिंह व हेमंत साहू की भूमिका सराहनीय रही।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

नगर में रैली निकाल कर किया चुनाव प्रचार का समापन

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करते हुवे भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नगर में रैली निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया गया,रैली नगर के गांधी चौक स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय से बाजार चौक, दुर्गा चौक,शकर नगर, कुम्हारपारा, अम्बेडकर चौक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक होते हुवे भाजपा कार्यालय में समापन हुवा,उक्त रैली में लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल,पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू,जिला महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी रविंद्र वैष्णव, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारष्वत, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी सहित समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं समस्त बुथ पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शैडो विधायक विक्रांत सिंह भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को जिताने कर रहे अपील

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों के साथ ही पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में लगे हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरी, अछोली, चंदेनी व डुंडा व राहुद पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने की अपील भी किया, 5 साल में महिलाओं को 500 रुपए न दे सके, वे आज एक लाख देने की घोषणा कर रहे - कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया। पांच साल में जो 500 रुपए महिलाओं को नहीं दे पाए। आज एक लाख रुपए देने सहित बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं। कांग्रेस की घोषणाएं देशभर की महिलाओं के साथ भद्दा मजाक है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के केंद्र में 10 वर्ष का कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है जिसमे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है।श्री सिंह ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में 26 अप्रैल को तीन नंबर पर बटन दबाकर भारी मतो से विजय बनाने का निवेदन किया। इस दौरान भाजपा नेता विकेश गुप्ता, संजय शर्मा, केशव चन्देल, नेमसिंग वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा खैरागढ़ शहर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किए

खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने शहर के लालपुर, पिपरिया वार्ड न 01, 02, मोंगरा वार्ड नं 03, अमलीडीह खुर्द, में जनसंपर्क किए। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज होता जा रहे हैं। जिसमे लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा व कांग्रेस की जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न ग्रामों में जाकर भूपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील कर रही हैं खैरागढ़ विधायक कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में डटी हुई हैं। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा लगातार खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर न्याय का संदेश जन जन तक पहुंचा रही हैं कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित विभिन्न जन हितैषी घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच जा रहे है। कांग्रेस पार्टी की घोषणा में पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नीरज चोपड़ा, किरण झा, अनुभव चंद्राकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

देश को प्रधानमंत्री मोदी की जरूरत है-हिरेंद्र साहू

डोंगरगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में लगातार मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए अपील कर रहे राजनांदगांव जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र कुमार साहू देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जरूरत बताते हुए उनकी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं. उन्होने बताया कि श्री मोदी ने अंचल के किसानों और महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया है और इन योजनाओं के माध्यम से आज भारत लगातार उत्तरोत्तर उन्नति कर रहा है. उन्होंने किसानों के सम्मान में किसान सम्मान निधि योजना का सफलतापूर्वक लागू किया, वहीं वर्षों से कच्चे मकान में निवासरत गरीबों के पक्का मकान के लिए प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से उन्हे छत दिया. पूरे देश में स्वच्छता को लेकर अभियान छेडक़र सभी घरों में पक्का शौचालय निर्माण करवा कर महिलाओं को सम्मान दिलाया. 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का कल्पना और विश्व गुरु के स्थान में भारत को ले जाने के लिए संकल्पित ऐसे महान व्यक्ति को एक बार फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखने की इच्छा हर भारतीय के दिल में है. श्री साहू क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए लगातार भ्रमण कर रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम करेठी चिरचारी चांदो, बागद्वार, खुर्सीटिकुल, बिटाल, खुर्सीपार, मुचेदण्ड, आतरगांव, पडगुड़ा, केरेगांव और बादराटोला शामिल हैं. इन ग्रामों के दौरा कार्यक्रम में हिरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा राजनांदगांव गोपालदास साहू, एकांत चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष दिग्विजय साहू, टुमेश कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, पुखराज देवांगन, खिलावन देवांगन, मधुसूदन देवांगन, गणेशाराम बोई, कीर्तन कोशरे, मनखुशी बघेल, टुमन सिंह, महेश यादव, भागवत नायक, राकेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे.

'कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा को मिला चुनई तिहार का न्योता'

सारे काम को छोड़कर सबसे पहले मतदान करें- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा को चुनई तिहार का न्योता मिल गया है। कलेक्टर निवास में चंद्रकांत वर्मा को सपत्नीक मतदाता संदर्शिका एवं मतदाता पर्ची देकर बीएलओ द्वारा 26 अप्रैल को अपने पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर ने मतदान के लिए न्योता मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने न्योता स्वीकार करते हुए 26 अप्रैल 2024 को पहला काम मतदान करने की बात कही। कलेक्टर श्री वर्मा जिलेवासियों से सारे काम को छोड़कर सबसे पहले वोट करने की अपील की है। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए तय मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यहीं वजह है कि जिलेभर में बीएलओ द्वारा आम मतदाताओं तक मतदाता पर्ची लेकर के घर–घर पहुंच रहे हैं। ताकि आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके।

अपर और संयुक्त कलेक्टर को भी मिला न्योता

अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल और संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर को बीएलओ ने जिला कार्यालय पहुंच कर मतदाता संदर्शिका एवं मतदाता पर्ची देकर 26 अप्रैल 2024 को मतदान हेतु न्योता दिया। उन्होंने भी चुनई तिहार के न्योता मिलने पर खुशी जाहिर की है। साथ ही जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना है और शत–प्रतिशत मतदान करना है।

पहला कॉलम...

ईंधन ले जा रहे विमान में लगी आग, दो लोगों की मौत

नई दिल्ली । मंगलवार को डगलस सी-54 विमान जो कि ईंधन लेकर जा रहा था, वह अलास्का के फेयरबैंक्स में उड़ान भरने के बाद एक जमी हुई नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एबीसी न्यूज ने राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के हवाले से बताया कि विमान में दो लोग सवार थे। 91 ईंधन परिवहन विमान जो कि अलास्का एयर फ्यूल संचालित करता है, वह सुबह लगभग 10 बजे तनाना नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने फेयरबैंक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विमान के अनुसार विमान नदी के किनारे एक खाड़ी में विमान फिसल गया, उसमें यहां आग लग गई। विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा। हालांकि एनटीएसबी ने कुछ एजेंट घटनास्थल पर भेजे हैं, जो कि मामले की जांच कर रहे हैं। इस जांच में एयरपोर्ट के अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही एफएए भी घटना की छानबीन करेगा।

ईरानी राष्ट्रपति का तीन दिवसीय दौरा हुआ समाप्त

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पाकिस्तान-ईरान दोनों पक्षों के बीच सार्थक चर्चाएं हुईं। व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई।

ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी का तीन दिवसीय पाकिस्तान दौरा बुधवार को खत्म हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उनका इस दौरे को सार्थक करार देते हुए कहा कि कई मुद्दों पर चर्चाओं, व्यापार एवं ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय वार्ता काफी कारगर साबित हुई। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यह किसी भी विदेशी नेता का पहला दौरा था। राष्ट्रपति रईसी ने की पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात अपने तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना के प्रमुख आसिम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक और सिंध एवं पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से मुलाकात की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्षों के बीच सार्थक चर्चाएं हुई। व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई।

मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को मामूली बढ़त लेकर बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स 0.16 फीसदी या 114.49 अंक की बढ़त लेकर 73,852.94 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान पर और 13 शेयर लाल निशान पर थे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी बुधवार को 0.15 फीसदी या 34.40 अंक की बढ़त के साथ 22,402.40 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान पर और 20 शेयर लाल निशान पर थे। निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी हिंडाल्को में 4.09 फीसदी, जेएसडब्ल्यू स्टील में 3.84 फीसदी, सिप्ला में 3.81 फीसदी, टाटा स्टील में 2.85 फीसदी और पावरग्रिड में 1.66 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक गिरावट टाटा कंज्यूमर में 5.24 फीसदी, बजाज ऑटो में 1.28 फीसदी, ग्रेसिम में 1.23 फीसदी, एचडीएफसी लाइफ में 1.09 फीसदी और टीसीएस में 1.07 फीसदी दर्ज हुई।

आरबीआई ने लगाया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उल्हासनगर स्थित द कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर पैसा निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए। बैंक पर ये प्रतिबंध उसकी खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए लगाए गए हैं। पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम से अपनी जमा राशि में से पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे। कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत प्रतिबंध 23 अप्रैल, 2024 (मंगलवार) को कारोबार बंद होने के समय से लागू हो गए।

लगाए गए प्रतिबंधों के साथ बैंक आरबीआई की अनुमति के बिना किसी भी ऋण और अग्रिम को मंजूरी या नवीनीकृत नहीं कर सकता है, कोई निवेश नहीं कर सकता है, कोई देनदारी हस्तांतरण नहीं कर सकता है या अपनी किसी भी संपत्ति का निपटान नहीं कर सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, बैंक की वर्तमान नकदी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी बचत खातों या चालू खातों या जमाकर्ता के किसी अन्य खाते में कुल शेष राशि से कोई भी राशि निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लेकिन ऋणों को समायोजित करने की अनुमति है।

रोमांचक मुकाबले में दिल्ली ने गुजरात को चार रन से हराया, आखिरी ओवर में नहीं बने 19 रन

सुदर्शन-मिलर पर भारी पड़े अक्षर-पंत

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 224 रन बनाए थे। कप्तान ऋषभ पंत ने 43 गेंद में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल ने 66 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर की समाप्त के बाद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। डेविड मिलर ने 23 गेंद में 55 रन और साई सुदर्शन ने 39 गेंद में 65 रन की पारी खेली। यह गुजरात की दिल्ली के खिलाफ लगातार दूसरी हार है। इससे पहले अहमदाबाद में भी दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत हासिल की थी।

इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है। उसने नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है। वहीं, गुजरात की टीम सातवें से आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। उसने भी नौ में से पांच मैच गंवाए हैं और उसके भी आठ अंक हैं। हालांकि, नेट रन रेट में गुजरात की टीम दिल्ली से पीछे है। दिल्ली का अगला मैच 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से दिल्ली में ही है। वहीं, गुजरात की टीम अपना अगला मैच 28 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी।

अंतिम ओवर में गुजरात 19 रन नहीं बना पाया

कप्तान ऋषभ पंत की 43 गेंद में 88 रन की पारी आखिर दिल्ली के काम आ गई। वरना डेविड मिलर (55) के बाद राशिद खान (21*) ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेरने का काम कर ही दिया था। गुजरात को अंतिम ओवर में जीत के लिए 19 रन चाहिए थे। मुकेश कुमार 20वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और राशिद ने इस ओवर में दो चौके और छक्का लगाया। गुजरात को अंतिम गेंद पर पांच रन बनाने थे, लेकिन राशिद मैच को गुजरात के पक्ष में नहीं मोड़ पाए और दिल्ली ने यह मुकाबला चार रन से जीता।

मोहित के अंतिम ओवर में पंत ने बनाए 31 रन

पंत का मोहित पर प्रहार जारी रहा। उन्होंने 18वें ओवर में छक्का लगाकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह पंत का आईपीएल में 18वां अर्धशतक रहा। पिछले मैच के मैन ऑफ द मैच साई किशोर को गिल 19वें ओवर में आक्रमण पर लाए, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स ने उन पर दो चौके और दो छक्के जड़े। इस ओवर में 22 रन आए। पंत ने 20वें ओवर में मोहित पर फिर छक्का लगा दिल्ली को दो सौ के पार कराया। पंत यहीं नहीं रुके उन्होंने तीसरी गेंद पर चौका और अगली तीन गेंदों पर फिर छक्के जड़ दिए। उन्होंने कुल आठ छक्के लगाए, जिसमें सात छक्के मोहित पर जड़े। इस ओवर में 31 रन आए। मोहित शर्मा ने 4 ओवर में 73 रन दिए। पंत 43 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे।

भारत की प्लेइंग 11 से ईशान-गिल को किया आउट

नई दिल्ली। 2024 के तुरंत बाद टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत होगी। 2 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए अब तक भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। हालांकि, जल्द ही टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम घोषित हो सकती है। इस बीच पूर्व क्रिकेटर अपने-अपने हिसाब से भारतीय टीम का चयन कर रहे हैं। इस बीच पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की प्लेइंग 11 चुनी है। उन्होंने अपनी इस टीम में ईशान किशन और शुभमन गिल को जगह नहीं दी है। इसके अलावा उन्होंने तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में संदीप शर्मा को चुना है।

सहवाग की प्लेइंग 11 में रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे। सहवाग ने अपनी टीम में ईशान किशन और शुभमन गिल को मौका नहीं दिया है। 3 नंबर पर विराट कोहली बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। सहवाग ने चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव को मौका दिया है। वीरू ने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में ऋषभ पंत को जगह दी है। पंत IPL 2024 में बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। फिनिशर के रूप में सहवाग ने दो खिलाड़ियों को चुना है। इनमें रिंकू सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के तूफानी बल्लेबाज शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 2 स्पिनर और 3 तेज गेंदबाजी को अपनी टीम में चुना है। तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में सहवाग ने संदीप शर्मा को मौका दिया है।

फुटबालर होसैन होसैनी पर लगा बैन और जुर्माना

नई दिल्ली। मैच के बीच खेल मैदान में घुसी अपनी फैन को गले लगाना खिलाड़ी को महंगा पड़ गया। फैन को गले लगाने के दौरान जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोका और वे महिला को जबरन उनसे अलग करने लगे तो सुरक्षा कर्मियों के साथ उनकी हाथापाई भी हो गई थी। क्लब ने एक्शन लेते हुए खिलाड़ी के खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। करीब 4 लाख (3,800) का जुर्माना भी लगाया गया है। जी हां, बात हो रही है ईरान के मशहूर फुटबालर होसैन होसैनी की, जो एल्युमीनियम असाक के साथ मैच के दौरान ग्राउंड में जबरन महिला फैन के घुसने, फैन को गले लगाने और सुरक्षा कर्मियों के साथ हाथापाई करने के कारण सुर्खियों में हैं।

रुतुराज गायकवाड ने लगाई लंबी छलांग, बदल दी ऑरेंज कैप की लिस्ट

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में हर रोज जहां अंक तालिका में फेरबदल हो रहा है, वहीं ऑरेंज कैप की लिस्ट में भी बदलाव देखने के लिए मिल रहा है। इस बीच सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड ने इस साल के आईपीएल में पहला शतक लगाकर इस लिस्ट में काफी बदलाव कर दिया है। हालांकि आरसीबी के विराट कोहली का अभी भी पहले नंबर पर कब्जा बना हुआ है।

इस साल के आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली हैं। कोहली ने 8 मैच खेलकर 379 रन बना लिए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक और एक शतक है। उनका औसत 62 से ज्यादा का है और वे 150.39 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस बीच रुतुराज गायकवाड ने एलएसजी के खिलाफ 108 रन की बेहतरीन पारी खेली, इससे वे अब सीधे नंबर दो पर आ गए हैं। उन्होंने 8 मैच खेलकर 349 रन बना लिए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक के बाद अब एक सेंचुरी भी आ गई है। उनका औसत 58.17 का है और वे 142.44 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं।

अभी तक दूसरे नंबर पर काबिज रहे एसआरएच के ट्रेविस हेड अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 324 रन बना लिए हैं।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार ने संविधान में संशोधन किया - कंबोज

न्यूयॉर्क । संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को लेकर बात की। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधारों और जमीनी स्तर की पहल के लिए देश के समर्पण पर जोर दिया। साथ ही कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1/3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

कंबोज बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधित यौन हिंसा (सीआरएसवी) को रोकने पर एक खुली बहस को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति हमारे देश का समर्पण संघर्ष संबंधी यौन हिंसा का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से प्रदर्शित होता है। इस दृष्टिकोण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधार और जमीनी स्तर की पहल शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शांति और सुरक्षा नीतियों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में बहुत मुखर रहा है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के योगदान को स्वीकार करते हुए, कंबोज ने कहा, भारतीय महिला शांति सैनिकों ने संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान जाएगी टीम इंडिया ?

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाएगी

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाएगी। साल 2017 के बाद ये पहला मौका होगा जब चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा। जहां 8 देशों के बीच इस ट्रॉफी के लिए जंग होगी। बता दें पाकिस्तान ने 1996 के बाद किसी भी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। उस समय पाकिस्तान ने भारत और श्रीलंका के साथ मिलकर वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। लेकिन क्या इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं इसको लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया है कि टीम इंडिया अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। साथ ही वेन्यू शिफ्ट भी हो सकते हैं, या फिर हाइब्रिड मॉडल का रास्ता भी चुना जा सकता है। बता दें, एशिया कप 2023 की मेजबानी भी पाकिस्तान को मिली थी। लेकिन टीम इंडिया ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था, तब ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला गया था और टीम इंडिया ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे।

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाल ही में कहा था कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उनके साथ बाइलेट्रल सीरीज खेलने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि बाइलेट्रल सीरीज भूल जाइए, टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा भी नहीं कर सकती है। आयोजन स्थल में बदलाव हो सकता है या फिर हाइब्रिड मॉडल भी संभव है। सूत्रों ने आगे कहा कि भारतीय बोर्ड को यात्रा के लिए सरकार से अनुमति की आवश्यकता होगी, वर्तमान में पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध भी अच्छे नहीं हैं। ऐसे में यह लगभग असंभव है। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच आखिरी बार साल 2012-13 में सीरीज खेली गई थी, तब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था और दोनों टीमों के बीच तब 2 टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी।

प्रथम पेज का शेष

सुको ने वीवीपैट पर्चियों के साथ...

और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह ईवीएम प्रणाली को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित करने पर विचार करेगी क्योंकि मतपत्र पर वापस जाने का सवाल ही नहीं उठता। पीठ ने कहा, आइए देखें कि अगर किसी सुरक्षा उपाय की जरूरत है तो क्या किया जा सकता है, हम देखेंगे कि मौजूदा प्रणाली (ईवीएम) को मजबूत करने के लिए क्या जरूरी है।

सुबह में, पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है क्योंकि ईवीएम के बारे में 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों' (एफएक्यू) पर ईसीआई द्वारा दिए गए उत्तरों पर कुछ भ्रम है और अधिकारियों को इसे स्पष्ट करने के लिए दोपहर 2 बजे अदालत में उपस्थित होना होगा।

याचिकाओं में मतदाताओं द्वारा उनके द्वारा डाले गए वोटों को वीवीपैट के साथ ईवीएम में 'रिकॉर्ड के अनुसार गिना गया' के रूप में सत्यापित करने की मांग की गई थी। वर्तमान में, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच यादृच्छिक रूप से चयनित ईवीएम की वीवीपैट पर्चियों का सत्यापन किया जाता है। शीर्ष अदालत वीवीपैट रिकॉर्ड के खिलाफ ईवीएम डेटा के अधिक व्यापक सत्यापन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मतदाताओं की यह सत्यापित करने की आवश्यकता कि उनका वोट डालने के रूप में दर्ज किया गया है÷ कुछ हद तक तब पूरा होता है जब ईवीएम पर बटन दबाने के बाद एक पारदर्शी विंडो के माध्यम से वीवीपैट पर्ची लगभग सात सेकंड के लिए प्रदर्शित होती है ताकि मतदाता यह सत्यापित कर सकें कि उनका वोट डाला गया है। याचिका में कहा गया है कि पर्ची 'मतपेटी' में गिरने से पहले आंतरिक रूप से मुद्रित वीवीपैट पर्ची पर दर्ज की गई थी। इसमें कहा गया है कि हालांकि, कानून में पूर्ण शून्यता है क्योंकि चुनाव पैनल ने मतदाता को यह सत्यापित करने के लिए कोई प्रक्रिया प्रदान नहीं की है कि उसका वोट 'रिकॉर्ड के रूप में गिना गया' है जो मतदाता सत्यापन का एक अनिवार्य हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे...

दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। भाजपा के युवा सांसद तेजस्वी सूर्या की साख बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर दांव पर लगी है। तेजस्वी ने पिछला चुनाव इसी सीट से जीता था। कांग्रेस ने यहां सौम्या रेड्डी को टिकट दिया है। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट शुरुआत से ही चर्चा में रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यहां बीमा भारती को उतारा है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव इस सीट पर कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन गठबंधन सहयोगी राजद ने कांग्रेस को यह सीट नहीं दी। अब पप्पू यादव इसी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

गौरतलब है कि लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाताओं ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1605 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का फैसला तय किया था। पहले चरण में 102 सीटों पर औसतन 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले...

श्रेणियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। पूरा वेतन 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लौटाने का आदेश- पीठ ने यह भी आदेश दिया था कि इन चयनित उम्मीदवारों को उनके द्वारा लिया गया पूरा वेतन 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अगले चार सप्ताह के भीतर वापस करना होगा। डब्ल्यूबीएसएससी को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले की जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया।

सोमा दास को मानवीय आधार पर दिया छूट- उच्च न्यायालय ने बड़ी संख्या में पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यदि आवश्यक हो तो सीबीआई रिक्त पदों से अधिक सीटों के सृजन के पीछे के मास्टरमाइंडों से पूछताछ कर सकती है। ऐसा माना जाता है कि बड़ी संख्या में सृजित ये पद, जो शुरू से ही संदेह के घेरे में रहे हैं, अवैध रूप से भर्ती किए गए अयोग्य उम्मीदवारों को शामिल करने के लिए जोड़े गये थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मानवीय आधार पर सोमा दास नामक एक उम्मीदवार के मामले में केवल एक अपवाद रखा। कैंसर की मरीज होने के कारण उनकी भर्ती रद्द नहीं की जायेगी।

वापस नहीं लूंगी पर्चा महिला हैं तो....

पहुंचकर डीएम के न्यायालय कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि बीएसपी और समाज के वोटों के दम पर वे संसद में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि ससुराल हाथरस से सांसद रह चुकी हूं, इटावा मेरा मायका है जहां से मैं दूसरी बार लड़ रही हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मायके वाले मुझे जिताकर संसद जरूर पहुंचाएंगे। पार्टी और बहन मायावती का आशीर्वाद भी उनके साथ है। नामांकन के दौरान उनके साथ उनके पति देवेंद्र सिंह बघेल, बसपा कोऑर्डिनेटर सूरज सिंह जाटव, विधानसभा प्रभारी डॉ. सुरजन सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील जाटव प्रस्ताव के रूप में साथ रहे।

पाकिस्तानी एथलीट ने जीतने के बाद लहराया भारत का तिरंगा, सलमान खान भी रहे मौजूद

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद किसी से छिपा नहीं है। जब भी दोनों देशों के खिलाड़ी आमने-सामने उतरते हैं तो खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशंसकों का उत्साह आसमान छूने लगता है। ऐसा ही कुछ उस वक्त हुआ जब दुबई में कराटे कॉम्बेट केसी45 में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को 2-1 से मात दी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसने सभी का दिल जीत लिया। दरअसल, कराटे का पहला मुकाबला पाकिस्तान के रिजवान अली ने जीता जबकि दूसरा मैच भारत के हिमांशु कौशिक ने जीता। इसके बाद तीसरे दौर में शाहजेब ने भारत के राणा सिंह को मात दी। जीत के बाद शाहजेब ने कुछ ऐसा किया जिसने सभी का दिल जीत लिया।

पाकिस्तानी एथलीट ने लहराया तिरंगा

दरअसल, शाहजेब ने भारतीय एथलीट को हराने के बाद पहले पाकिस्तान का झंडा लहराया। इसके बाद उन्होंने भारत का झंडा भी फहराया, जिसे देखकर हर कोई गद-गद हो गया। दिलचस्प बात यह है कि शाहजेब और राणा सिंह के बीच हुए इस मैच का आनंद लेने के लिए बॉलीवुड के स्टार सलमान खान भी पहुंचे थे।

यह मैच शांति के लिए था- शाहजेब

शाहजेब ने कहा, यह मुकाबला शांति के लिए खेला गया था। हम दुश्मन नहीं हैं, बल्कि हम तो साथ हैं और साथ रहकर हम कुछ भी कर सकते हैं। मैं चाहता हूं कि भारत-पाकिस्तान के रिश्ते बेहतर हों, उम्मीद है इससे हम नजदीक आएंगे।

सलमान खान भी रहे मौजूद

इस दौरान उन्होंने सुपरस्टार सलमान खान को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां आने के लिए सलमान खान को धन्यवाद देना चाहता हूं। वह मेरे सुपरस्टार हैं। मैं बचपन से आपकी फिल्में देख रहा हूं। आपके सामने लड़ना खुशी की बात है। धन्यवाद।

भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कांग्रेस पचा नहीं पा रही-संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दौरे में सहसपुर लोहार व डोंगरगांव क्षेत्र में व्यापक जनसम्पर्क किया एवं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की अनुपम घड़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश का जो कायाकल्प किया हैं उसे और आगे बढ़ाने के लिए इस चुनाव में उनके नेतृत्व पर मुहर लगाना हम सब के लिए युगधर्म के समान हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने याद दिलाते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि में टेंट में रह रहे थे, बरसात में टेंट टपकने लगता था, रामलला भीग जाते थे, टेंट बदलने के लिये आवेदन लगाना पढ़ता था, किन्तु उन आवेदनों पर कोई विचार नहीं होता था, ले देकर साल में एकाध बार रामलला के वस्त्र बदलने की अनुमति मिलती थी। देश के बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहे इस घृणित अत्याचार पर जवाबदार लोग खामोश थे, न्यायलय में चल रहे रामलला के मुकदमे को लटकाने कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी सहित कांग्रेस ने 40 वकीलों की फौज खड़ी कर रखी थी। भारत की आत्म कहे जाने वाले भगवान श्री राम एवं रामायण को काल्पनिक कहे जाने का हलफनामा दिया जा रहा था, किन्तु मोदी जी ने सत्ता की बागडोर संभालते ही राम मंदिर को लेकर हो रही अदालती कार्यवाही को तीव्र गति से आगे बढ़ाया। मंदिर निर्माण के अवरोधों को दूर किया और न्यायलय को यह विश्वास दिलाया कि फैसले को लेकर देश में किसी भी तरह कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। अंततः मंदिर निर्माण की प्रक्रिया पूरी हुई भगवान राम को उनकी जन्मभूमि में टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। स्मरण रहें की मंदिर निर्माण के लिए जब शिलान्यास हुआ। तब सनातन विरोधियों के सांसदों ने लोकसभा व राज्यसभा में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया था। श्री पांडे ने कहा की केवल राम मंदिर निर्माण पर ही बात खत्म नहीं होती, बल्कि हिन्दुत्व की हुंकार करती काशी विश्वनाथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार हुआ, आज भगवान भोलेनाथ गंगा तट से सीधे दर्शन दे रहे हैं।

उज्जैन के महाकाल मंदिर का भी विकास किया गया, भगवान केदारनाथ मंदिर को भी नया स्वरूप प्रदान किया गया, द्वारिकधीश मंदिर की भी चिंता की गई, देश के 52 शक्तिपीठों की भी सुध ली गई जिससे देश का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद सर चढ़कर बोलने लगा, बस हिन्दुत्व का यही विकास देश की पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को पच नहीं रहा हैं।

श्री पांडे कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनका हालिया घोषणा पत्र जिसमें वें लोगों की संपत्तियों का सर्वे कराकर उसे अल्पसंख्यकों को बाटने की घोषणा कर रहें हैं, यह इनके तुष्टीकरण की राजनीति की पराकाष्ठा हैं। वोट बैंक के खातिर कांग्रेस और कितने नीचे तक गिर जाएगी, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर कमल फूल के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर देश तोड़ने की तुष्टिकारण मानसिकता के लोग जलजला खड़ा करने की कोशिश कर रहें हैं। इस मानसिकता के लोगों को इतिहास के कूढ़ेदान में फेकने के लिए आवश्यक हैं की फिर नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रवादी सरकार बने, ताकि सबका विकास हो और सारे लोग सुरक्षित जीवन यापन कर सके।

साल्हे सेक्टर में दीनदयाल साहू ने झोंकी ताकत

जोंधरा (दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को विजई बना कर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को लेकर भाजपा पि.व.मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। साल्हे सेक्टर के उमरवाही,आय बांधा,बिरूटोला, चंदिया,गिदर्री, सम्बलपुर साल्हे,मन्होरा सहित अन्य गांवों में जाकर सुबह से रात भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को विजयी बनाने के लिए पुरजोर ताकत लगा रहें हैं।

महिला समूह हो या महतारी वंदन योजना के लाभार्थी,प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी हो या उज्जवला योजना के लाभार्थी, किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हो या नव मतदाता साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थीयों की बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को जिताने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। लाभार्थी हितग्राही को संबोधित करते हुए भाजपा नेता दीनदयाल (दीनू)साहू ने कहा कि आप सभी भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में अपना मतदान करें, निश्चित रूप से यह चुनाव परिणाम राजनांदगांव जिले की दशा और दिशा तय करेगी। आप लोगों का आत्मविश्वास से पता चल रहा है आने वाला लोकसभा का परिणाम निश्चित रूप से भाजपा के पक्ष में रहेगा और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय भारी मतों से विजयी होंगे। भाजपा प्रचार-प्रसार में अनंत तिवारी, हिरदेराम चंद्रवंशी, दिलीप साहू, चंदू पटेल, उर्मीला ठाकुर, चिन्मय साहू, रूपेश साहू,, सुरजु पटेल, पन्ना लाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

खैरागढ़ कालेज में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के छात्र छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे की अध्यक्षता एवं छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव की उपस्थिति में आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु 22 अप्रैल सोमवार शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को रेखांकित करते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल शुक्रवार को अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत मतदान करने की बात कही।

प्रजातंत्र में प्राप्त अधिकारों के साथ मतदान के अधिकार कर्तव्य बोध से भी अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने छात्र छात्राओं को स्वयं के मतदान में भाग लेने के साथ ही आसपास के मतदाताओं को वोट करने हेतु प्रेरित की अपील किया। शत प्रतिशत मतदान शपथ में प्रो. आर.एल.देवांगन कन्या महाविद्यालय, सुरेश धनगर, होमन साहु धरमपाल वर्मा, नरेन्द्र वर्मा सहित स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन जे.के.वैष्णव छात्र संघ प्रभारी ने किया।

गर्रापार में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

बांधाबाजार (दावा)। समीपस्थ ग्राम गर्रापार में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें शंभू ग्रुप के सभी युवा साथी और सभी ग्रामीण राममय होकर झूम उठे। सर्वप्रथम गौरा चौक के पास भगवान भोलेनाथ जी की शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उसके पश्चात पूरे हर्ष उल्लास के साथ कीर्तन भजन और जयकारा लगाते हुए प्रत्येक गली में शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात मैदान के पीपल पेड़ के पास बजरंगबली मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा पाठ तथा हनुमान अष्टक के साथ भव्य आरती किया गया।

उसके बाद प्रसादी वितरण साथ ही विशाल भोजन भंडारा किया गया। जिसमें उपस्थित सभी ग्रामीण और आसपास से आये सभी भक्तजन भोजन ग्रहण किये।

वार्ड निरीक्षण में आयुक्त आज सुबह पहुचे पुराना बस स्टैण्ड, भरकापारा, लोहार पारा, मठपारा

राजनांदगांव (दावा)। 23 अप्रैल प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः लोहार पारा, भरकापारा, मठपारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर पहुच सेन्टर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जांच करते हुये कहा कि सेन्टर में एकत्रित अनुपयोगी समान का जल्द निपटन करें, लोगों को समझाईस देवे कि वे घर में ही कचरा पृथककरण करें और नियमित रूप से यूजर चार्ज देवे। इसके अलावा एसएलआरएम सेन्टर के कार्य का सुचारू संपादन करें।

पुराना बस स्टैण्ड रोड के दुकानदारों को समान अंदर रखने दिये समझाईस

इंदिरा सरोवर का निरीक्षण कर सरोवर के चारों ओर साफ सफाई रखने कटीली झाडियाँ काटने के निर्देश दिये, तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस देवें, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आसपास साफ सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला की सफाई कराने निर्देशित किये। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ में अव्यवस्था पर नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ साथ सुलभ में आवश्यक मरम्मत एवं साफ सफाई के अलावा उपयोग करने वालो की सुविधा का विशेष ध्यान रखने संबंधित को निर्देशित किये। उन्होंने स्वास्थ्य प्रभारियों से कहा कि बस स्टैण्ड सहित कैलाश नगर, मठपारा क्षेत्र में भी समुचित साफ सफाई कराया जावें।

आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा सरोवर के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों के दुकानदारों से रूबरू हो किराया जमा करने समझाईस देते हुये कहा कि किराया जमा नहीं करने की स्थिति में दुकाने सील की जावेगी। साथ ही उक्त क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा कुलर एवं अन्य सामान रोड में रखने पर समान अंदर रखने समझाईस दिये, उन्होंने कहा कि रोड में सामान न रखे, अन्यथा जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने इंदिरा सरोवर के पास मरम्मत कार्य की मांग पर कार्यवाही करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किये। इसके अलावा भरकापारा में नाली निर्माण के लिये ठेकेदार को निर्देशित करने के अलावा परशुराम भवन में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन भवन विस्तार कार्य देख तकनीकि अधिकारियों से कहा कि चूँकि यह सामाजिक भवन है और यहाँ पर आये दिन आयोजन होते रहते है, इसे ध्यान में रखकर समाज वालों के अनुरूप निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व अनुप पाण्डे, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

अंग्रेजी विभाग द्वारा मनाई गई विलियम शेक्सपियर की 460 वीं जयंती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की 460वीं जन्म वर्षगांठ प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 23 अप्रैल को मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी उपस्थित थी।

डॉ. आशा चौधरी ने विलियम शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उसके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने विलियम शेक्सपियर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 23 अप्रैल 1564 को इंग्लैंड में हुआ था और उनका नामकरण 3 दिन पश्चात 26 अप्रैल 1564 में हुआ साथ ही साथ साहित्य के क्षेत्र में शेक्सपियर का साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान पर चर्चा की साथ ही शेक्सपियर के जीवन से सीखने एवं अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता भूपेश को सांसद ही नहीं देश का गृहमंत्री चुनने जा रही - आफताब

राजनांदगांव (दावा)। 22 अप्रैल कांग्रेस नेता ऑफताब आलम ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा की जनता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को न सिर्फ सांसद, बल्कि देश के अगले गृहमंत्री के रूप में चुनने जैसा एक अभुतपूर्व कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व की निगाह में बघेल एक सक्षम और लोकप्रिय नेता हैं। उनमें साहसिक निर्णय लेने की क्षमता है, उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में समूचे राज्य के किसान, मजदूर और युवा सरकारी योजनाओं के जरिये उन्नति के रास्ते में बढ़े। छत्तीसगढ़ की जनता बघेल को हरितक्रांति के नायक के रूप में देखती है। इंडिया गठबंधन बघेल को देश के अगले गृहमंत्री का एक महत्वपूर्ण चेहरा मान रही है। मोहला मानपुर चौकी एवं खैरागढ़ छुईखड़न गंडई जिले के निर्माता भूपेश बघेल राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सजग और संवेदनशील रहे है, सिद्ध की है। राजनांदगांव लोकसभा में बघेल के पक्ष में जनता का समर्थन स्पष्ट दिख रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी बघेल को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ के हरितक्रांति के नायक भूपेश बघेल को मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद

आलम ने कहा कि बघेल की जनकल्याणकारी योजनाओं का आलम ने कहा कि भाजपा के पास बघेल को राजनीतिक रूप से घेरने का कोई मुद्दा नहीं रह गया है। देश में गौ-मीट का कारोबार करने वाली एक कंपनी से भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के जरिये 250 करोड़ रुपए का चंदा लिया। जबकि बघेल जी ने गौमाता को कामधेनु के रूप में अपनी योजनाएं के जरिए उपयोगिता ही परिणाम रहा, जब वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में जनता के समक्ष स्वास्थ्य एवं अनाज संबंधी कोई समस्या खड़ी नहीं हुई। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सजग रहे बघेल ने गौमाता की रक्षा के साथ-साथ जैविक खेती के लिए गोबर खरीदी के लिए विशेष योजना तैयार की। नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना से देहात इलाकों की तस्वीर बदली। नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा। आलम ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने हमेशा अपने विवेक से महत्वपूर्ण चुनावी फैसले लिए। जिसके चलते शिवेन्द्र बहादुर सिंह, मोतीलाल वोरा जैसे दिग्गज सांसदों ने राजनांदगांव का दिल्ली में मान बढ़ाया। राष्ट्रीय राजनीति में अब बघेल के चुनाव जीतने से वह गृहमंत्री जैसे अहम पद पर काबिज होकर संसदीय क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेंगे। आलम ने राजनांदगांव लोकसभा की जनता से भाजपा के जुमलों और वादों पर भरोसा नहीं करने की अपील की है। उन्होंने बघेल को चुनने के लिए 26 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है।

समाज सेवक संघ द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर केले और हनुमान चालीसा की पुस्तिकायें वितरित

राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के अध्यक्ष समाजसेवी संजीव सिंघल एवं संघ के जिलाध्यक्ष भीमा साहू ने नये बस स्टैण्ड के पास निर्धन बस्ती में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निवासियों को केले एवं हनुमान चालीसा की पुस्तिकायें भेंट की।

श्री सिंघल ने इस अवसर पर कहा कि बजरंगबली बल बुद्धि विद्या देने वाले है और उनकी उपासना से सभी काम सिद्ध होते हैं।

बचपन प्ले स्कूल में इंटर स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के हृदय स्थल पर स्थित बचपन प्ले स्कूल राजनांदगांव में इंटरनेशनल वर्ल्ड आर्ट डे के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को छोटे बच्चों व विद्यार्थियों के लिए उनके कार्यात्मक व रचनात्मक कलाओं के रूपों को निखारने हेतु संस्था द्वारा विशाल स्तर पर इंटर स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रत्येक विद्यार्थियों व बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने नन्हें कलाओं को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में थीम (विषय के अंतर्गत बच्चों नें अपनी चित्रकलाओं का प्रदर्शन किया।

जिसमें कक्षा प्री प्राइमरी में सेव ट्री (पेड़ बचाओं) व प्राइमरी कक्षा के बच्चों के लिए सेव अर्थ (धरती बचाओं) के मनमोहक चित्रों को बनाकर अपनी कलाओं को प्रदर्शित किया गया।

प्रतियोगिता के चित्रों व कलाओं का निर्णय शहर के प्रमुख चित्रकार आशीष श्रीवास्तव सर के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों नें भाग लिया। शाला के सफल आयोजन के लिए बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर सुनील जैन सर, राकेश पारख सर और टीकम सोनी सर द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई सन्देश भेजा गया और उज्वल भविष्य की कामना दी। बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या श्रीमती स्मृति द्विवेदी नें बच्चों को उनके सफल प्रयास के लिए बधाई दी तथा आगे होने वाले सभी इंटर स्कूल कार्यक्रम में प्रस्तुति देने विभिन्न शालाओं से आए बच्चों को आमंत्रित किया।

कार्यक्रम के अंत में बचपन प्ले स्कूल की एच.ओ.डी. श्रीमती निधि दीक्षित ने सभी शालाओं से आए प्रतिभागियों तथा पालकों का आभार प्रदर्शित किया और कार्यक्रम को सफल संचालित करने में सुश्री ज्योति शर्मा मैडम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी शाला परिवार की हिन्दी विभाग की शिक्षिका श्रीमती स्मृति झा तिवारी द्वारा दी गई।

शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

लाईन में लगकर सबने अपनी बारी का किया इंतजार

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 51 में अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जा रहा है। आज अनिवार्य सेवा मतदाताओं ने लाइन में लग कर डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 24 अप्रैल तक किया जाएगा। पुलिस विभाग के उप निरीक्षक पल्लूराम सोरी ने बताया कि उनकी ड्यूटी सेक्टर अधिकारी के रूप में बेमेतरा में लगी है। उन्होंने कहा कि उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगने के कारण कलेक्टोरेट में बने सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि सरकार चुनने का मौका 5 वर्ष में मिलता है। इसका लाभ सभी को मतदान कर उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने आज मतदान किया है।

उन्होंने जिले के नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्रों में जाकर वोट देने की अपील की। इसी तरह अनिवार्य सेवा में नियुक्त पुलिस विभाग के हेमंत कुमार वर्मा, आरक्षक खोमलाल साहू, उत्तम कुमार पटेल ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। शिक्षा विभाग भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में पदस्थ खिलेन्द्र साहू ने बताया कि उनकी ड्यूटी कांकेर जिले में मतदान अधिकारी-2 में लगी है। वे कलेक्टोरेट में स्थित सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मतदान कर अपनी जिम्मेदारियों के साथ कर्तव्यों को निभाया है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अनिवार्य सेवा में लगे ड्राइवर उमेन्द्र सिंह, राजेश यादव, कमलेश सिंह, कपिल नेताम, रामाधार ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। उमेन्द्र सिंह, राजेश यादव, कमलेश सिंह, कपिल नेताम, रामाधार, अशोक साहू ने बताया कि वे स्कूली वाहन चलाते हैं। जिनकी ड्यूटी निर्वाचन के अंतर्गत वाहन चालक के रूप में लगी है। ड्राइवर ने बताया कि निर्वाचन कार्य के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिला है।

उल्लेखनीय है कि जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है।

विशाल जनसंपर्क रैली के माध्यम से भाजपा ने दिखाई ताकत

प्रचार के अंतिम दौर में उमड़ा जनसैलाब

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में जनसंपर्क रैली के माध्यम से भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई और 26 अप्रैल को कमल फूल में मतदान कर फिर एक बार मोदी सरकार को लाने का आव्हान किया। इस रैली में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे मतदाताओं का अभिवादन करते हुए चल रहे थे।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज शहर के गुरुद्वारा चौक से भाजपा की जनसंपर्क रैली निकली जो मानव मंदिर चौक, हलवाई लाइन, भारतमाता चौक, से गंज चौक, काली माई मंदिर होते हुए वापस महावीर चौक पहुंची। जनसम्पर्क रैली में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, लोकसभा संयोजक एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, लोकसभा सहसंयोजक नीलू शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, सहित भाजपा के सभी बड़े नेता उपस्थित थे।

रैली में मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन पर भरोसा जताते हुए हजारों महिला मोर्चा की बहनों ने महतारी वंदन योजना के समर्थन में भाग लेकर संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने का लोगों से आह्वान किया। इस दौरान माता-बहनों एवं युवकों का उत्साह देखते ही बनता था। भारत माता की जय, वंदे मातरम, फिर एक बार मोदी सरकार और महतारी वंदन योजना की जय घोष के नारे लगातार रैली में लगते रहे। कार्यकर्ता भाजपा के झंडे लिए हुए चल रहें थे। रैली में प्रमुख रूप से तरुण लहरवानी, लीलाधर साहू, सावन वर्मा, हर्ष रामटेके, किसुन यदु, रोहित चंद्राकर, आलोक श्रोती, ऋषिदेव चौधरी, राधेश्याम गुप्ता, विकास तिवारी, अरुण शुक्ला, किरण साहू, रेखा मेश्राम, पारूल जैन, देवकुमारी साहू, पुष्पा गायकवाड, मिथलेश्वरी वैष्णव, रेणु सूर्यवंशी, कनक दुबे, करुणा राजपूत, मधु बैद, जमुना साहू, मीना यादव, सरिता उईके, संगीता मिश्रा, साक्षी भाटिया, खेमीन यादव, चंद्रिका साहू, शैल यादव, मूलचंद भंसाली, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर, शिव वर्मा, मुकेश बघेल, प्रखर श्रीवास्तव, तरुण लहरवानी मोनू बहादुर सिंह, भावेश बैद, रघुवीर वाधवा, गोलू सूर्यवंशी, गिन्नी चाँवला, यशोदा यादव, मंजु साहू, सुनीता साहू, दमयन्ती साहू सहित हजारों की तदात में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

महंगाई, जीएसटी, बेरोजगारी पर राजनांदगांव शहर में कांग्रेस का अनोखा हल्ला बोल प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। राजनांदगांव शहर में कांग्रेस ने महंगाई, जीएसटी और बेरोजगारी के खिलाफ कुछ अलग अंदाज में प्रदर्शन करते हुए भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल बनाया। यह अंदाज काफी रचनात्मक और प्रभावी नजर आया, जिसके कारण से यह पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा। बुधवार को राजनांदगांव लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था।

आमतौर पर इस दिन बड़े नेताओं के रोड शो आयोजित किए जाते हैं, लेकिन कांग्रेस ने उससे हटके जनता से सीधे जुड़े हुए मुद्दों की रैली आयोजित की। कांग्रेस ने अपने पार्षदों और नेताओं के साथ मिलकर शहर में चार रास्तों पर रैली निकाली। अलग-अलग रूटों पर क्रमशः गैस के महँगे दाम के विरोध में, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम के विरोध में, जीएसटी के विरोध में और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ पैदल मार्च निकाला गया, जो कि भारत माता चौक पर एकजुट हुआ। इसके उपरांत सभी मार्च एक साथ जुड़कर जयस्तंभ चौक पहुंचे, जहां एक छोटी सभा के उपरांत इस हल्ला बोल कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रदर्शन के रचनात्मक स्वरूप की चर्चा : गब्बर जीएसटी

जीएसटी के विरोध में निकली कांग्रेस की रैली में गब्बर सिंह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। ममता नगर से पार्षद संतोष पिल्ले ने गब्बर की वेशभूषा में अदाकारी करते हुए, जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहते हुए व्यापारियों से भाजपा के खिलाफ वोट करने की अपील की।

पकौड़े वाले बेरोजगार

बेरोजगारों की रैली में अपनी डिग्रियों की तख्तियां टांगे हुए युवा बेरोजगार पकौड़े के ठेले पर पकौड़े तलते हुए नजर आए। इन लोगों ने ठेले पर ही गैस चूल्हा और कहाड़ी रखी थी और अपने गलों में अपनी डिग्री की तख्तियां लटकाए हुए थे।

प्रदर्शन रैली में गैस सिलेंडर और पेट्रोल पंप के बड़े कट आउट लगाए गए थे, जिसमें पुराने और नए दाम लिखे हुए थे। इस रैली के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस का पर्चा बांटते हुए भी नजर आए। इस अनोखे प्रदर्शन से दिन भर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन, धनेश पाटिला, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, श्रीकिशन खंडेलवाल, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, पदम कोठारी, जितेंद्र मुदलियार, रूपेश दुबे, मेहुल मारू, हरिनारायण धकेता, निखिल द्विवेदी, पार्षद विनय झा, मधुकर बंजारे, संतोष पिल्ले,ए सचिन तुरहाटे, अरविंद शर्मा, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, सतीश मसीह, राजा तिवारी, अजय, शमद खान, आसिफ अली, महेश यादव, शकीला, पिंकी, जीतू शर्मा, प्रतिमा बंजारे, अवधेश, केवल साहू, संजय रजक, चंपू गुप्ता, पप्पू धकेता, मुकेश साहू, दुलारी साहू, भागचंद, प्रज्ञा गुप्ता, माया शर्मा, ऋषि शास्त्री, शरद पटेल, गणेश पवार, महेश साहू, अमीन, मनीष साहू, राजा यादव, पंकज बांधव, विप्लव शर्मा, मानव देशमुख, प्रीति वैष्णव, अमर झा, शुभम शुक्ला और अभिमन्यु मिश्रा उपस्थित रहे।

गड़बड़ा गया है मोदी जी का मानसिक स्वास्थ्य- भूपेश बघेल

राजनांदगांव(दावा)। कांग्रेस उम्मीदवार और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और कहा कि पीएम मोदी का मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा गया है, कोई भी संतुलित व्यक्ति उनके जैसा नहीं बोलेगा। बघेल का बयान पीएम मोदी द्वारा राजस्थान में एक चुनावी रैली में कांग्रेस के घोषणापत्र की योजनाओं को देश के संसाधनों पर अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के 2006 के बयान से जोड़ने के बाद आया है। पीएम मोदी ने 21 अप्रैल को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति जब्त करने के लिए संपत्ति सर्वेक्षण कराएंगे और उनकी जीवन भर की बचत छीन लेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस राज में आपका मंगलसूत्र सुरक्षित नहीं रहेगा।

जंगल में सफाई नहीं आग से लाखों की वन संपदा स्वाहा

डोंगरगांव (दावा)। मुख्यालय डोंगरगांव से लगे सुखानाला बैरॉज पहाड़ी के जंगल में मंगलवार शाम को लगी आग को बारिश होने के बाद देर रात्रि काबू पा लिया गया है. बता दें कि मंगलवार शाम को लगी आग की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को घंटों मशक्कत कर ग्रामीणों ने दी थी किन्तु इसे गंभीरता से नहीं लिया गया और यह आग काफी तेजी से जंगल में फैल गई. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गर्मी के सीजन में जंगल में आग से बचाव के लिए पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते और सूखी लकड़ी को हटाकर सफाई करायी जाती है किन्तु इस क्षेत्र में यह कार्य इस वर्ष नहीं किया गया है, जिसकी वजह से यह आग फैली और दावानल का रूप ले ली. सुस्त वन विभाग प्रशासन आग लगने के घंटों बाद मौके पर पहुंची और आधे अधूरे संसाधनों के साथ आग बुझाने का प्रयास करती रही. इस दौरान अचानक मौसम बिगड़ा और बारिश हो गई, जिससे आग में काबू पाया जा सका. इस आग से जंगल में काफी नुकसान हुआ है और लाखों की वन संपदा जल कर नष्ट होने का अनुमान है. इस मामले में क्षेत्र की रेंजर द्रोपती ठाकुर से 7587013402 नंबर पर संपर्क करने पर फोन की घंटी बजती रही लेकिन उन्होने कॉल रिसीव ही नहीं किया.

पूर्व सांसद स्व. देवव्रत की आत्मा को ठेस पहुंचा रहे हैं भूपेश बघेल- विभा सिंह

स्व. राजा साहब की विधवा का कांग्रेस प्रत्याशी बघेल ने किया अपमान

राजनांदगांव (दावा)। प्रेस क्लब में बुधवार 24 अप्रैल को प्रेस वार्ता लेते हुए यहां के पूर्व सांसद स्व. राजा देवव्रत की विधवा रानी विभा सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाया है और पूर्व सीएम बघेल के द्वारा अपना अपमान किए जाने की बात कही है। साथ ही श्रीमती विभा सिंह ने कहा है कि श्री बघेल ने उन्हें न केवल पहचानने से इंकार किया यही नही, स्वर्गीय राजा देवव्रत की तलाकशुदा पत्नि को पत्नि बता कर राजा साहब की आत्मा को उन्होंने ठेस पहुंचाई है। विभा सिंह ने भूपेश बघेल पर राजा साहब के परिवार कि वजूद मिटाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल ने तलाकशुदा पदमा सिंह को स्व. राजा देवव्रत सिंह की वर्तमान पत्नी बताकर जनता को गुमराह किया है ताकि वह कांग्रेस के लिए दोनों हाथों से वोट बटोर सके।

श्रीमती विभा सिंह ने पत्रकारों को बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान आम जनता को गुमराह करते हुए, मेरे स्वर्गीय पति पूर्व विधायक राजा देवव्रत सिंह जी के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर वोट बटोरने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मुझे एक वीडियो फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिसमें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं स्वयं भूपेश बघेल के द्वारा पद्मा देवी को पूर्व विधायक स्व. राजा देवव्रत सिंह जी की वर्तमान पत्नी बताकर आम जनता को गुमराह कर भूपेश बघेल के लिए वोट मांगा जा रहा है।

रानी विभा देवव्रत सिंह ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी एवं भूपेश बघेल से मीडिया के माध्यम से सवाल भी पूछा है कि स्व. राजा साहब की सुरक्षा कर्मी जो थे उनको पदमा सिंह को क्यों दे दिया गया? मेरे निजी सुरक्षा कर्मियों को क्यों हटाया गया? राजा साहब की निजी चार पहिया वाहन में पुलिस ने जैमर क्यों लगाया?

तलाक शुदा को पत्नी का दर्जा क्यों

विभा ने कहा कि तलाकशुदा औरत पदमा को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी खैरागढ़ की आमजनता क्यों बताया जा रहा है? स्वर्गीय देवव्रत के कार्यकाल में 3 साल में जब वह विधायक थे तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक भी बार क्या कारण है कि क्षेत्र में दौरा नहीं किये थे क्यों ? पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आखिर सौम्या चौरसिया के मामले में क्यों चुप्पी साधे हुए हैं। प्रेस वार्ता में रानी विभा सिंह ने कहा कि मोदी जी देश के समान देश के मुखिया कोई हो नहीं सकता। भाजपा के राज में हमेशा नारियों का हुआ सम्मान हुआ है और आगे होते रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोतीपुर पहुँचकर पूर्व सांसद मधु के परिवार से की सौजन्य भेंट

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनांदगाँव प्रवास के दौरान एक ही दिन में लगातार एक के बाद एक चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मतदाताओं से लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे को पनुः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। देर शाम मोतीपुर वार्ड के आजाद चौक में सभा के संबोधित करने के उपरान्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पार्टी के स्टार प्रचारक एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के निज निवास पहुँचकर उनके परिजनों से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय के साथ सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल भी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने अपने निज निवास पर अपने परिवारजनों, इष्टमित्रों, समर्थकों एवं वार्डवासियों के साथ मुख्यमंत्री साय एवं अन्य अतिथियो का आरती उतारकर फूलमालाओं एवं गुलदस्तों के साथ, आतिशबाजी के बीच भव्य स्वागत किया और मोतीपुर स्थित अपने निजनिवास पर उनके प्रथम आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय, सांसद संतोष पाण्डे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने उपस्थित परिवारजनों एवं वार्डवासियों के साथ सेल्फी एवं फोटो खिंचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मोतीपुर वार्ड में शाम से लेकर देर रात्रि तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर वार्डवासियों में त्यौहारनुमा हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखा गया।

अपने गृह वार्ड मोतीपुर में पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया सघन जनसंपर्क

वर्तमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डे को विजयी बनाने के लिये मोतीपुर की युवा ब्रिगेड ने दी घर-घर दस्तक

राजनांदगाँव(दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने अपने गृह वार्ड मोतीपुर अंतर्गत निवासरत् जनता सें धुंआधार जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार किया। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे को पनुः भारी मतों से विजयी बनाने के अभियान में जुटे मोतीपुर वार्ड के युवा ब्रिगेड की अगुवाई करते हुए, आज प्रातः वार्डभ्रमण कर पूर्व सांसद मधुसूदन से मोतीपुर की जनता के घर-घर जाकर दस्तक दी और भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार दिया।

इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन के साथ पार्षद कमलेश बंधे, पार्षद प्रतिनिधि मदन (मन्टू) यादव, लाला यादव, मनोहर यादव, रिभय, शौर्य, रोहित, धरम यदु, प्रियांशू, अनीश (पप्पू) देवांगन, टिकेश्वर सिंह राजपूत, एम.के.साहू, गौरव तिवारी और अन्य साथीगण मौजूद रहें। अबकी बार चार सौ पार, का नारा देते हुए मोतीपुर के युवा भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद के नेतृत्व में पूरे जोश और उत्साह के साथ मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की विनम्र अपील की। वरिष्ठ भाजपा नेता मधु ने जनसंपर्क के दौरान व्यवायीगण, वृद्धजनो, माताओं-बहनों, सहित वार्ड के समस्त मतदाताओं को भाजपा का पाम्प्लेट वितरित करते हुए 26 अप्रेल को सपरिवार मतदान करने और भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डे को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने और केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त भाजपा सरकार बनाने में अपना योगदान देने के लिये अनुरोध किया।

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया गया तृतीय परीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन द्वारा 23 अप्रैल 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का तृतीय परीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के तृतीय परीक्षण में निर्वाचन लडने वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी श्री लाखन सिंह टंडन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी ए.एच. सिद्दीकी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के तृतीय परीक्षण के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) का 83 हजार 855 रूपए, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल का 21 लाख 38 हजार 273 रूपए, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री संतोष पाण्डेय का 23 लाख 48 हजार 244 रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद का 25 हजार रूपए, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत का 25 हजार रूपए, न्याय धर्मसभा के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर का 1 लाख 1 हजार 815 रूपए तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली का 27 हजार 288 रूपए, श्रीमती त्रिवेणी पड़ोती का 12 हजार 712 रूपए, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम का 1 लाख 13 हजार 444 रूपए, भुवन साहू का 25 हजार रूपए, विशेष धमगाये का 13 हजार 774 रूपए, सुखदेव सिन्हा का 25 हजार रूपए अब तक व्यय हुआ है। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक टेकेन्द्र भट्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

देश की जनता की कमाई और संपत्ति पर है कांग्रेस की बुरी नजर - मधुसूदन यादव

जनता की गाढ़ी कमाई पर कब्जा कर कांग्रेस अल्पसंख्यकों में बांटेगी

राजनांदगांव(दावा)। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा संयोजक मधुसूदन यादव ने प्रेस वार्ता कर जनता को आगाह किया है कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपति पर है। उनकी शासन-सत्ता आने पर आप लोगों के मेहनत की गाढ़ी कमाई को एक कानून लाकर तथा उस पर कब्जा कर अल्पसंख्यकों में से खास मुसलमानों में बांट दिया जाएगा। इस बात को कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में की है, जो काफी खतरनाक है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्री यादव ने कहा 60 के दशक से कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ रहे थे। 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। मधुसूदन यादव ने कहा कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और इडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है। आपकी संपत्ति पर है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, किसके पास कितना धन है, किसके पास कितने मकान है, कांग्रेस सरकार उसकी जांच कराएगी। यह जो सपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। अब आप लोग सोचिए, हमारी माता-बहनों के पास सोना होता है। वह पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी सुरक्षा करता है। अब इनकी नजर इस पर भी है। माता-बहनों का सोना पुराने के लिए यह सर्वे कराना चाहते हैं। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझती है।

सर्वे कराएगी कांग्रेस

श्री यादव ने कहा कि नौकरी पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है। कांग्रेस वाले उसकी भी जांच कराने की बाल कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर कांग्रेस ऐसे ही सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी सपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों जैसी है। कांग्रेस और इडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। प्रधानमंत्री जी ने सही ही कहा है। यही कांग्रेस की नीति और उनके घोषणा पत्र का हिडेन एजेंडा है। कांग्रेस का घोषणा पत्र 2024 स्पष्ट है। इसमें विशेष रूप से कहा गया है कि कांग्रेस जातियों और उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करेगी। आंकडों के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा है कि देश का एक्स-रे कर देंगे, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इसके बाद हम फाइनेंशियल और इंस्टीट्यूशनल सर्वे करेंगे। के कांग्रेस ने पहले भी ऐसा किया है। श्री यादव ने बताया कि कांग्रेस ने पहले भी ऐसा किया है। कांग्रेस की सरकारों ने 1960 और 1970 के दशक में कानून पास करके भारतीयों को इस बात के लिए विवश किया था कि वह अपनी कमाई का एक हिस्सा सरकार के पास जमा कर दें।

जवाहर लाल नेहरु और इंदिरा गाँधी की अगुवाई वाली कॉन्ग्रेस सरकारों ने लोगों की कमाई जब्त करने वाले ऐसे ही कानून 1963 और 1974 में पास किए थे। इनका नाम कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम एक्ट था। इसके अंतर्गत सभी करदाताओं, सम्पत्ति धारकों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी कमाई का 18प्रतिशत सरकार के पास जमा करना होता था। जमा की धनराशि 3-5 वर्ष तक के लिए सरकारी खजाने में रहती थी। हैरानी की बात यह है कि जब 1974 में यह कानून लाया गया था, तब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह मुख्य आर्थिक सलाहकार हुआ करते थे। जहाँ आज की सरकार लोगों की कमाई बढ़ा कर देश को सशक्त करना चाहती है, वहीं कॉन्ग्रेस सरकारें लोगों की कमाई जब्त करके अपना विकास करना चाहती थी। मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक वाला मनमोहन सिंह का बयान अचानक नहीं आया था ठीक इसी दौरान कोशिश हो रही थी कि अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी।

कांग्रेस का एक ही मंत्र है लूट

श्री यादव ने कहा कि आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेगी, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेट का टैक्स बोझ लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपति मानकर अपने बच्चों को दे दी. वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें।

श्री यादव ने आगे कहा कि हमारा देश संस्कारों से, सस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्धन करने में विश्वास करते हैं, सरक्षित करने में विश्वास करते हैं। आज अगर हमारी प्रकृति बची है तो संस्कारों से बचा है। हमारे यहां घर में बूढे मां-बाप होंगे, दादा-दादी होंगे तो संभाल कर रखेंगी। खुद भी नहीं पहनेगी। वो सोचती है कि मेरी पोली की शादी होगी तो उसे देगी, नाती की शादी होगी कि उसे देगी। ये हमारे देश के लोगों का स्वभाव है। वो गर्व करके जिंदगी जीने में यकीन करते हैं। भारत के मूलभूत स्वभाव पर ये कांग्रेस पार्टी कड़ा प्रहार करने जा रही है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, योगेश दत्त मिश्र, अमर लालवानी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com